हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, सोमवार, 10 फरवरी 2025 | अंक 119/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

शिवशंकर आयुर्वेदिक
क्या डायबिटीज से परेशान हो ?
डायबेटीज चेकअप करके
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक
द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

सीएम एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा

अमित शाह और जेपी नड्डा से की थी मुलाकात



इम्फाल.

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार शाम मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. इससे पहले आज ही उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी. दिल्ली से वापस लौटने के बाद ही मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह राज्यपाल से मिलने राजभवन पहुंचे थे. इस दौरान उनके साथ बीजेपी सांसद संबित पात्रा और राज्य के कई मंत्री भी मौजूद थें. बीते साल, मणिपुर हिंसा को लेकर बीरेन सिंह ने मणिपुर की जनता से माफी भी मांगी थी. उन्होंने कहा था कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा. अब तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए मैं राज्य के सभी लोगों से माफी मांगता हूं. कई लोगों ने अपनों को खो दिया. कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया. इसके साथ ही उन्होंने लिखा था कि मुझे उम्मीद है कि साल 2025 में राज्य की स्थिति सामान्य हो जाएगी.

इस्तीफे में क्या बोले बीरेन सिंह, उन्होंने राज्यपाल को सौंपे अपने इस्तीफे में मणिपुर की अखंडता बनाए रखने और राज्य की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक कदम उठाने की अपील की है. अपने इस्तीफे में राज्य की स्थिरता और सुरक्षा से जुड़ी पांच प्रमुख मांगों को भी केंद्र सरकार के सामने रखा. उन्होंने कहा कि मणिपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अखंडता को बनाए रखना जरूरी है. इसके अलावा, उन्होंने सीमा पर घुसपैठ रोकने और अवैध प्रवासियों को निष्कासित करने की नीति बनाए जाने की मांग की. उन्होंने नशे से जुड़े आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को जारी रखने और एक सख्त व सुरक्षित नई एमएफआर प्रणाली लागू करने पर जोर दिया, जिसमें बायोमेट्रिक जांच अनिवार्य हो. साथ ही, उन्होंने केंद्र सरकार से सीमा पर तेजी से विकास के काम की जारी रखने की भी अपील की.

कांग्रेस ला सकती थी अविश्ववास प्रस्ताव

मणिपुर में रविवार से विधानसभा सत्र शुरू होने वाला था. माना जा रहा था कि पहले ही दिन कांग्रेस सीएम के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकती थी. संभावित अविश्वास प्रस्ताव की अटकलों के बीच ही मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह शनिवार शाम दिल्ली रवाना हुए. वहीं विधानसभा के सत्र में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव लाने की चर्चा तेज थी. इतनी ही नहीं, ये भी कहा जा रहा था कि कुछ विधायकों में असंतोष भी है. ऐसे में बीरेन सिंह ने दिल्ली जाकर शाह और नड्डा से मुलाकात की. इसके बाद उन्होंने वहां से वापस लौटकर राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया.

हम जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाएंगे: आतिशी

नई दिल्ली. दिल्ली विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों के साथ रविवार को बैठक की. बैठक में पार्टी की हार के कारणों की समीक्षा की गई. बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी. उन्होंने कहा कि बैठक में अरविंद केजरीवाल ने नवनिर्वाचित विधायकों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनें और उनकी समस्या की समाधान की कोशिश करें. उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी और जवाबदेही तय करेगी. उन्होंने कहा कि बीजेपी ने कहा था कि कैबिनेट की पहली बैठक में 2500 रुपए हर महिला को दिए जाएं, पार्टी यह जवाबदेही तय करेगी. 8 मार्च तक ये पैसे ट्रांसफर हो जाए.

बीजापुर में मुठभेड़, 31 नक्सली ढेर, 2 जवान शहीद

बीजापुर.

छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में मुठभेड़ हो रही है, जिसमें अब तक 31 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं. मुठभेड़ के दौरान 2 जवान शहीद हो गए हैं और 2 जवान घायल हुए हैं. घटनास्थल से घायलों को निकालने जगदलपुर से एमआई 17 हेलीकॉप्टर भेजा गया है. यहां पंचायत चुनाव हो रहे हैं, ऐसा माना जा रहा है कि नक्सली इन्हें प्रभावित कर सकते थे. डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों के साथ नक्सलियों की ये मुठभेड़ चल रही है.

मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए हैं. मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है. मुठभेड़ घायल हुए 2 जवानों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें हायर सेंटर में बेहतर इलाज के लिए ले जाया जा रहा है. वहीं, मुठभेड़ स्थल पर अतिरिक्त बल को भेजा गया है, ताकि नक्सली बचकर निकल न पाएं. इलाके में अभी सर्च अभियान जारी है. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में रविवार सुबह उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सुरक्षाबलों का एक दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था. पुलिस अधिकारी ने कहा, 'प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए.' प्रदेश में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हो रहे हैं और इस बीच नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चलाया जा रहा है, ताकि चुनाव प्रभावित न हों. बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों को बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी.

सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों की टीम तुरंत नेशनल पार्क क्षेत्र के लिए निकल पड़ी. इस ऑपरेशन के दौरान आज 09 फरवरी की सुबह नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी... इसके बाद जवाबी फायरिंग में कई नक्सली ढेर हो गए. तक से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुककर फायरिंग हो रही है. बता दें कि एक फरवरी को बीजापुर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में आठ नक्सलियों को मार गिराया था. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुठभेड़ स्थल से आठ नक्सलियों के शव बरामद किए गए थे.

साथ ही, सुरक्षाबलों ने इंसास राइफल, बीजीएल लॉन्चर सहित कई हथियार बरामद किए थे. 31 जनवरी को बीजापुर में थाना गंगालूर क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202 एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस 222 वाहिनी की संयुक्त टीम को पश्चिम बस्तर डिवीजन के प्रतिबंधित नक्सली संगठन के नक्सलियों के मौजूद होने की गुप्त सूचना मिली थी. इसके बाद सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया था. अभियान के दौरान सुबह करीब 8:30 बजे से कोरचोली-तोड़का के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी. डीआरजी बीजापुर, जिला पुलिस बल उसूर, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 14 नक्सलियों को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तार नक्सलियों में आठ नक्सली ऐसे थे, जिनके ऊपर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था.

"पंचायत चुनाव से पहले बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए हैं. अन्य नक्सलियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन जारी है. नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर के पास हुई है, जिसमें दो जवान भी शहीद हो गए हैं."

धारवाड़ में गैस पाइपलाइन में अचानक लगी आग

धारवाड़. कर्नाटक के धारवाड़ में एक गैस पाइपलाइन में अचानक से आग लग गई. जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और डर के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. दरअसल जिस पाइपलाइन में आग लगी है उसे घरों को सीधे गैस सप्लाई कराई जाती थी. ये घटना धारवाड़ के रजतगिरी लेआउट में हुई है. जानकारी के अनुसार एक साथ दो पाइपलाइनों में आग लग गई, जो कि एक दूसरे से कुछ ही दूरी पर थी. इनमें तेज आग की लपटें उठने लगीं, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया. धारवाड़ के विद्यागिरी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में यह घटना हुई है.

एयरो इंडिया शो का आगाज़ आज से

पहली बार रूसी-अमेरिकी पांचवीं जेनरेशन फाइटर जेट शामिल

बेंगलुरु.

कर्नाटक के बेंगलुरु में 'एयरो इंडिया' के 15वें संस्करण का भव्य आयोजन किया जा रहा है. एयरो इंडिया एयर शो बेंगलुरु के येलहंका वायुसेना स्टेशन में हो रहा है. इसे एशिया का सबसे बड़ा एयर शो माना जाता है. केंद्रीय रक्षा मंत्री 10 फरवरी को एयरो इंडिया 2025 में इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन करेंगे. बता दें कि एयरो इंडिया शो का आयोजन 10 से 14 फरवरी तक होगा.

यह पहली बार है कि एयरो इंडिया में रूसी और अमेरिकी 5वें जेनरेशन के स्टील्थ लड़ाकू विमान मौजूद हैं. वहीं, आज आर्मी चीफ और एयर चीफ 'एयरो इंडिया' का आगाज अपनी उड़ान से किया. दोनों सेना प्रमुख ने दोपहर करीब 1.30 बजे तेज में एक साथ उड़ान भरी. इस बार एयर शो और विमानन प्रदर्शनी के आयोजन के लिए 15 से अधिक देशों की कंपनियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. विदेशी देशों में फ्रांस सबसे आगे है. फ्रांस की ओर से 35 प्रदर्शक इसमें भाग ले रहे हैं. वहीं, अमेरिका के दो दर्जन से अधिक प्रदर्शक इससे जुड़ेंगे. 14वें संस्करण में 53 विमानों के साथ हुआ था फ्लाई पास्ट इस पांच दिवसीय एयर शो में रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, सीईओ गोलमेज सम्मेलन, शानदार एयर शो और एक विशाल प्रदर्शनी और व्यापार मेला शामिल है.

शो के पहले तीन दिन व्यावसायिक आगंतुकों के लिए रहेगा, जबकि अंतिम दो दिन यह आम जनता के लिए खुले हैं. वहीं, एयरो इंडिया शो की शुरूआत साल 1996 में हुई थी. वहीं साल 2023 का 14वें संस्करण में 100 से अधिक देशों और 809 प्रदर्शकों ने भाग लिया. इसमें 53 विमानों के साथ पहली बार फ्लाई पास्ट हुआ. रूसी एसयु -57 लड़ाकू विमान पहली बार हो रहा शामिल बेंगलुरू में एयरो इंडिया एयर शो में रूसी एसयु-57 लड़ाकू विमान पहली बार शामिल हो रहा है. वहीं दूसरी ओर फ्रांस की कंपनी सफरान, जो राफेल और मिराज-2000 विमानों के इंजन बनाती है.

बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया शो में हिस्सा लेगी. जबकि दर्शक अमेरिकी एफ-16, एफ-35, केसी -135 स्ट्रैटोटैंकर और बी -1 बॉम्बर सहित यूएस निर्मित रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं. वहीं, एयरो इंडिया एक प्रदर्शनी से ज्यादा नवाचार, रणनीति और राष्ट्रीय गौरव का केंद्र बिंदु है.

किसानों के हाथों में है राजनीतिक ताकत: उपराष्ट्रपति

चित्तौड़गढ़.

चित्तौड़गढ़ में आयोजित अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट महासभा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसान दाता है और उसे किसी की मदद का मोहताज नहीं होना चाहिए. किसान की आर्थिक व्यवस्था में जब उत्थान आता है तो देश की व्यवस्था में उद्धार आता है. इस दौरान उपराष्ट्रपति ने किसानों से व्यापार से जुड़ने की अपील भी की है. उन्होंने कहा कि किसान को किसी की ओर नहीं देखना चाहिए, किसी की मदद का मोहताज किसान नहीं होना चाहिए, क्योंकि किसान के सबल हाथों में राजनीतिक ताकत है, आर्थिक योग्यता है. कुछ भी हो जाए, कितनी बाधाएं आएं, कोई भी अवरोधक बने, आज के दिन विकसित भारत की महायात्रा में किसान की भूमिका को कोई कुंठित नहीं कर सकता. आज की शासन व्यवस्था किसान के प्रति नतमस्तक है. किसानों से कृषि उत्पादों के व्यापार और मूल्य संवर्धन में अपनी भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसान अपने उत्पाद की मूल्य वृद्धि क्यों नहीं कर रहा? अनेक व्यापार किसान के उत्पाद पर चालू हैं. आटा मिल, तेल मिल, अनगिनत हैं. अब मिलकर हमको करना चाहिए. किसान को पशुधन की ओर ध्यान देना चाहिए. मुझे बड़ी खुशी होती है जब डेयरी बढ़ती है. ज्यादा उछाल आना चाहिए. इसमें हमें दूध तक सीमित नहीं रहना है, छाछ तक सीमित नहीं रहना है, दही तक सीमित नहीं रहना है. जितने उत्पाद दूध के बन सकते हैं, पनीर हो, आइसक्रीम हो, रसगुल्ला हो, किसान का योगदान होना चाहिए. युवाओं को कृषि व्यापार से जुड़ने पर ज़ोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि मेरा आग्रह किसान से है, किसान के बेटे-बेटी से है कि दुनिया का सबसे बड़ा व्यापार, बेशकीमती व्यापार, कृषि उत्पादन का है.

राष्ट्रपति मुर्मू आज जाएंगी प्रयागराज

संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी

प्रयागराज.

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान हर दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बीच प्रयागराज के महाकुंभ में सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी डुबकी लगाएंगी। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी। इस दौरान संगम स्नान के साथ ही वह अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। अक्षयवट का भी करेंगी पूजन, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वह बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। बयान के अनुसार राष्ट्रपति आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को समर्थन देंगी।

शाम को वापस रवाना होंगी दिल्ली

❍ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू डिजिटल महाकुम्भ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। यहां देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए इसे स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति शाम पौने छह बजे प्रयागराज से वापस नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी। राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक होगा, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरणादायी क्षण होगा। उनकी उपस्थिति से महाकुम्भ के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को एक नई ऊंचाई मिलेगी।

14 के बाद होगा शपथग्रहण समारोह

नई दिल्ली.

दिल्ली में पूरे 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी की सत्ता एक बार फिर काबिज हो गई है. इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच कड़ी टक्कर थी, लेकिन बीजेपी की आंधी में झाड़ू का सफाया हो गया है. जीत हासिल करने के बाद सूत्रों के मुताबिक, 14 फरवरी के बाद शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है. दिल्ली में बीजेपी ने 48 सीटें हासिल की हैं. वहीं, आम आदमी पार्टी ने 22 सीटें हासिल की. इसी के साथ आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सौरभ भारद्वाज समेत कई दिग्गजों के हाथ हार लगी है. दिल्ली की कुर्सी पर बैठने के बाद बीजेपी अब सीएम और मंत्रियों को लेकर मंथन कर रही है. सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में शपथग्रहण समारोह 14 फरवरी के बाद हो सकता है. दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 13 फरवरी तक विदेश दौरे पर जा रहे हैं. पीएम मोदी पहले फ्रांस के दौरे पर जाएंगे, उसी के बाद वो अमेरिका का दौरा करेंगे. पीएम के विदेश दौरे से लौटने के बाद दिल्ली में शपथग्रहण समारोह होने की संभावना है. दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष रविवार शाम को सभी जीते हुए विधायकों से मुलाकात करेंगे. शनिवार शाम बीजेपी मुख्यालय में पीएम मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह के साथ शपथग्रहण और दिल्ली में बनने वाली सरकार की रूपरेखा को लेकर चर्चा हुई. इसी के साथ सूत्रों के हवाले से यह जानकारी भी मिली है कि शपथग्रहण समारोह काफी भव्य होगा, एनडीए नेताओं और सभी एनडीए शासित राज्यों के सीएम को भी बुलाया जाएगा. दिल्ली में जीत के बाद अब बीजेपी पार्टी सीएम को चुनने के लिए चर्चा कर रही है. दिल्ली बीजेपी ने रविवार को सभी विधायकों की बैठक बुलाई है. दिल्ली बीजेपी ऑफिस में यह बैठक बुलाई गई है.

पुलिस चौकी पर अज्ञात बंदूकधारियों का हमला

थौबल. मणिपुर के थौबल जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की चौकी को निशाना बनाते हुए हथियार लूट लिए. अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार रात जिले के काकमाई इलाके में बंदूकधारी वाहनों में सवार होकर आए और आईआरबी चौकी से हथियार लूट लिए. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारी थौबल जिले के काकमाई में कई वाहनों में सवार होकर आए थे. इस दौरान उन्होंने एक चौकी से आईआरबी और मणिपुर राइफल्स के जवानों से कम से कम छह एसएलआर और तीन एके राइफलें लूट लीं. इसके अलावा करीब 270 गोला बारूद और 12 मैगजीन भी लूटी गईं. वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बंदूकधारी मौके से फरार हो गए. इस घटना से अफरा-तफरी मच गई. घटना की जांच की जा रही है.

मैक्सिको में भीषण सड़क हादसा

बस दुर्घटना में 41 लोगों की मौत

मैक्सिको.

दक्षिणी मैक्सिको में बड़ा हादसा हो गया। जहां एक दुखद बस दुर्घटना में तीन दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। शुरुआती रिपोर्ट में हादसे में जान गंवाने वालों की लोगों की संख्या 41 के करीब है। इस सड़क हादसे में कई गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। मौके पर पहुंच रहे स्थानीय अधिकारी, हादसे की जानकारी देते हुए ताबास्को के कोमलकाल्को के मेयर ओविडियो पेराल्टा ने कहा, 'हम आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को मौके पर भेज रहे हैं। आपातकालीन सर्विस प्रदान कर दी गई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है।'

बस ऑपरेटर टूर्स अकोस्टा ने बताया कि घटना के समय वाहन में लगभग 44 यात्री सवार थे। वहीं, कंपनी ने फेसबुक पोस्ट में घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बस गति सीमा के भीतर चल रही थी और वे दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।

की जा रही है मृतकों की पहचान

हादसे को लेकर ताबास्को राज्य की सरकार ने कहा कि बचाव कार्य जारी है। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। ताबास्को के सरकारी सचिव रामिरो लोपेज़ ने कहा कि अधिकारी पीड़ितों की संख्या और उनकी पहचान के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।

सोने की तस्करी पर लगी लगाम

> सरकार के इस प्रयास से आया बदलाव

नई दिल्ली.

सोने की तस्करी पर लगाम लगी है। दरअसल, सरकार द्वारा जुलाई, 2024 में बहुमूल्य धातु पर आयात शुल्क में कटौती के बाद से सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने यह बात कही है। सरकार ने जुलाई, 2024 में सोने पर आयात शुल्क घटाकर 6 प्रतिशत किया गया था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सीमा शुल्क और डीआरआई अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की अवधि में देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर 544 करोड़ रुपये मूल्य का 847 किलोग्राम सोना जब्त किया है। जुलाई

में, सरकार ने सोने पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया था। अग्रवाल ने कहा, पिछले साल के बजट में सोने पर शुल्क की दर कम किए जाने के बाद सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है। हालांकि, अग्रवाल ने जब्त किए गए सोने की मात्रा या मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात, सीमाओं और देश में आने वाले वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी रख रहे हैं।

तस्करी, सीमा शुल्क या आयात या निर्यात प्रतिबंधों से बचने के लिए राष्ट्रीय सीमाओं के पार माल की गुप्त आवाजाही है। यह आमतौर पर तब होता है जब सीमा शुल्क इतना अधिक होता है कि तस्कर ऐसे उत्पादों को चोरी-छिपे लाकर अधिक लाभ कमा सकते हैं। सीबीआईसी के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) भारत में तस्करी-रोधी क्षेत्र में भारतीय सीमा शुल्क की शीर्ष एजेंसी है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अकेले डीआरआई अधिकारियों ने 1,319 किलोग्राम सोना जब्त किया था। यह 2023-24 में सीमा शुल्क अधिकारियों सहित सीबीआईसी द्वारा जब्त किए गए 4,869.6 किलोग्राम सोने का हिस्सा है। वर्ष के दौरान सीबीआईसी द्वारा 1,922 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

अवैध सोने के आयात का प्रमुख गंतव्य

दिसंबर में जारी डीआरआई की भारत में तस्करी पर रिपोर्ट के अनुसार, भारत अवैध सोने के आयात का एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। इसमें सोना और चांदी मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों से आते हैं, जहां ये धातुएं कम कीमतों पर उपलब्ध हैं। भारत में हवाई मार्ग के माध्यम से सोने की तस्करी एक प्रमुख माध्यम है।

सैमसंग ने लॉन्च की 'फोली साउंड मीट्स स्टोरी'

गुरुग्राम.

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज 'फोली साउंड मीट्स स्टोरी' नामक एक अनोखी ओरिजनल सीरीज का अनावरण किया है। यह सीरीज दर्शकों को शानदार ऑडियो की कला और विज्ञान के माध्यम से एक सिनेमाई यात्रा पर ले जाएगी। सीरीज का निर्माण डॉल्बी के सहयोग से किया गया है और यह सैमसंग के प्रीमियम ऑडियो हार्डवेयर सेगमेंट में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस पांच एपिसोड वाली सीरीज में प्रत्येक एपिसोड पांच प्राकृतिक तत्वों आग, पानी, हवा, जंगल और भोजन – से प्रेरित है। इन एपिसोड्स में पेशेवर फोली कलाकारों द्वारा साउंडस्केप्स को तैयार करने की कला को प्रदर्शित किया गया है, जो डॉल्बी एटमॉस® तकनीक में इन

तत्वों के सार को जीवंत रूप से प्रस्तुत करती है। यह सीरीज सैमसंग और डॉल्बी के सहयोग को दर्शाती है, जो उपभोक्ताओं को एक अविस्मरणीय ऑडियो अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपभोक्ता भारत भर के 5,000 से अधिक सैमसंग स्टोर्स पर इन इमर्सिव डॉल्बी एटमॉस साउंडस्केप्स का अनुभव कर सकेंगे।

सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर विप्लेश डांग ने कहा, "सैमसंग में हम जो कुछ भी करते हैं उसके मूल में इनोवेशन होता है। इस एक्सक्लूसिव सीरीज़ पर डॉल्बी के साथ हमारा सहयोग हमारे उपभोक्ताओं को शानदार और प्रोफेशनल-ग्रेड ऑडियो आनंद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सैमसंग टीवी और साउंडबार के साथ साउंड में डॉल्बी की विशेषज्ञता को मिलाकर हमारा लक्ष्य भारतीय दर्शकों के साउंड टेक्नोलॉजी को देखने और उससे जुड़ने के तरीके को फिर से परिभाषित करना है, जिससे उनके घरों में यादगार अनुभव लिया जा सके।

विदेशी निवेशकों के लिए राहत

नई दिल्ली.

भारत में अधिक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए सरकार कुछ क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर विचार कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी साझा की है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इस विषय पर कई सरकारी विभागों, नियामकों, उद्योग संगठनों, कानूनी कंपनियों, पेंशन फंड्स, प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल निवेशकों के साथ चर्चा की है। अधिकारी ने बताया, 'हमने सभी हितधारकों से विचार-विमर्श पूरा कर लिया है। हमें अलग-अलग मुद्दों पर सुझाव मिले हैं। अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन प्रक्रियागत नियमों को सरल बनाने पर विचार किया जा रहा है।' हालांकि, अधिकारी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि किन क्षेत्रों में नियमों में ढील दी जा सकती है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में केवल निर्यात के लिए इन्वेंटरी आधारित ऑनलाइन व्यापार मॉडल में एफडीआई की अनुमति देने का प्रस्ताव है। वहीं, प्रेस नोट 3 में बदलाव – लाभकारी स्वामित्व की परिभाषा स्पष्ट करने की मांग की गई है। जबकि, सिंगल-ब्रांड रिटेल ट्रेडिंग नीति में कुछ बदलाव का सुझाव भी आया है। बता दें कि, प्रेस नोट 3 के तहत भारत की सीमा से लगे देशों के निवेशकों को किसी भी सेक्टर में निवेश से पहले सरकारी मंजूरी लेनी होती है। मामले में डेलॉइट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि ग्रीनफील्ड निवेश (नए प्रोजेक्ट्स में निवेश) की संभावनाएं अधिक हैं, जिन्हें प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाना चाहिए। वहीं कानूनी विशेषज्ञों ने यह भी सुझाव दिया कि एफडीआई नीति को सरल और स्पष्ट बनाया जाए, ताकि विदेशी निवेशकों को अनावश्यक देरी और अनिश्चितता से बचाया जा सके

तीन नई पवन ऊर्जा परियोजनाओं का अनावरण हुआ

दिल्ली.

अमेज़न ने आज भारत में तीन नई पवन ऊर्जा परियोजनाओं का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य कंपनी के परिचालन में खपत होने वाली बिजली के बराबर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करना है। ये परियोजनाएं अमेज़न की जलवायु प्रतिज्ञा लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को बढ़ावा देने में मदद करेंगी।

अब तक, अमेज़न ने भारत में 53 सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं को सक्षम किया है, जो 4 मिलियन मेगावाट घंटे से अधिक कार्बन-मुक्त ऊर्जा उत्पन्न करेंगी, जो 1.3 मिलियन से अधिक भारतीय घरों को बिजली मुहैया कराने के लिए पर्याप्त है। इन परियोजनाओं में देश भर में 9 यूटिलिटी-स्तर के सौर

और पवन ऊर्जा फार्म शामिल हैं, साथ ही 44 ऑनसाइट सोलर ऐरे भी शामिल हैं।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमेज़न के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा भारत के 2030 के लक्ष्य का अहम हिस्सा है। ऊर्जा और नवीन ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद येसो नाइक ने भी अमेज़न के निरंतर समर्थन की सराहना की और बताया कि इन परियोजनाओं से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।अमेज़न के एपीजेसी एनर्जी एंड वाटर स्ट्रैटेजी प्रमुख अविनाश शेखर ने कहा कि अमेज़न का लक्ष्य 2040 तक अपने परिचालन में नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन तक पहुंचने का है और इसके लिए सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं में निरंतर निवेश किया जाएगा।नई पवन ऊर्जा परियोजनाओं में क्लीनमैक्स कोप्पल (कर्नाटका), ब्लूपाइन सोलापुर (महाराष्ट्र) और जेएसडब्ल्यू एनर्जी धारापुरम (तमिलनाडु) शामिल हैं। इन परियोजनाओं से न केवल ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा,

बल्कि कई निर्माण नौकरियों का भी सृजन होगा।अमेज़न को गर्व है कि उसने 2023 में अपने 100% नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा कर लिया है और अब तक 600 से अधिक परियोजनाओं में निवेश किया है, जो 8.3 मिलियन अमेरिकी घरों के लिए पर्याप्त ऊर्जा प्रदान करने के सक्षम हैं।

पामोलीन से सस्ता हो गया सरसों तेल

नई दिल्ली.

विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शुक्रवार को लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम बढ़कर बंद हुए। मलेशिया एक्सचेंज दोपहर में 2.32 फीसदी की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसके अलावा शिकागो एक्सचेंज बीती रात मजबूत बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि अगले सत्र के लिए सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 28 मार्च को आने की संभावना है। एमएसपी में वृद्धि किये जाने की उम्मीद में किसान बाजार में अपनी फसल धीमी रफ्तार से ला रहे हैं। आगे त्योहार भी दस्तक दे रहे हैं और मांग भी होने से सरसों तेल-तिलहन के दाम मजबूत बंद हुए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सरसों की मांग और बढ़ेगी क्योंकि उत्तर भारत में सभी तेलों के मुकाबले इसका थोक दाम सस्ता है।

इस वक्त सरसों तेल, पामोलीन से भी सस्ता हो गया है। उत्तर भारत में सरसों का भाव 131 रुपये किलो बैठता है, जबकि सोयाबीन का 136 रुपये किलो और पामोलीन का 143 रुपये किलो है। सूत्रों ने कहा कि एमएसपी से 25-26 प्रतिशत कम दाम पर बिकने के कारण बाजार में मूंगफली की आवक कम है, जिससे इसकी पेराई मिलें भी कम चल रही हैं। इस वजह से मूंगफली तेल-तिलहन में सुधार आया। उन्होंने कहा कि बीती रात शिकागो एक्सचेंज मजबूत बंद होने और सोयाबीन तेल का दाम बढ़ने की वजह से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार दर्ज हुआ। इसकी आवक भी कमजोर है।

सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज दोपहर 2.32 प्रतिशत मजबूत बंद होने की वजह से सीपीओ और पामोलीन के दाम में भी सुधार है। मंहगा होने की वजह से इसका आयात भी कम हो रहा है। सवाल यह है कि इस तेल की कमी कौन सा तेल पूरी करेगा? सूरजमुखी तेल पहले मंहगा है और सोयाबीन की भी अपनी सीमा है। उन्होंने कहा कि कपास की आवक घटने और नरमा का दाम 25-30 रुपये बढ़ने की वजह से बिनौला तेल के दाम भी मजबूत बंद हुए।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली.

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने डाकघर बचत खाते को अपने खातों से जोड़ने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं. आईपीपीबी के देशभर में 650 ब्रांच है. इसके अलावा 1.63 लाख से अधिक एक्सेस प्वाइंट्स हैं. इनमें कुशीनगर जिले में एक ब्रांच और 224 एक्सेस प्वाइंट्स शामिल हैं.

आईपीपीबी अलग अलग सर्विसेज और प्रोडक्ट मुहैया करता है. इनमें बचत और चालू खाते, वर्चुअल डेबिट कार्ड, डोमेस्टिक मनी ट्रांसफर, बिल पेमेंट, बीमा सेवाएं, डाकघर बचत खाता लिंकिंग, डाकघर बचत योजनाओं के लिए ऑनलाइन पेमेंट, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी), आधार सक्षम पेमेंट

सिस्टम (एईपीएस) और आधार में मोबाइल नंबर अपडेट जैसी सुविधाएं शामिल हैं. इसके साथ ही 0-5 साल के बच्चों के लिए बाल नामांकन सर्विसेज भी दी जा रही हैं.

डाकघर बचत खाता (पीओएसए) को आईपीपीबी खातों से जोड़ने के लिए बैंक ने अलग-अलग उपाय किए हैं. इसमें मुख्य डाकघरों में ब्रांडिंग सामग्री प्रदर्शित करना और डाकघरों के अंदर और बाहर 25,000 से अधिक वित्तीय साक्षरता एवं ग्राहक जागरूकता शिविरों का आयोजन शामिल है. इन शिविरों का मकसद ग्राहकों को पीओएसए-आईपीपीबी खाते जोड़ना है.

आईपीपीबी डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों के माध्यम से आधार से संबंधित सेवाएं, जैसे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र और बाल नामांकन घर-घर पहुंचाता है. इसके लिए बैंक ने केंद्र और राज्य स्तर पर अलग-अलग विभागों के साथ साझेदारी की है. 31 दिसंबर 2024 तक आईपीपीबी ने 7.03 करोड़ आधार से जुड़े खाते खोले 7.68 करोड़ ग्राहकों के आधार में मोबाइल नंबर अपडेट किए, 81.17 लाख ग्राहकों को बाल नामांकन सेवाएं प्रदान की. इन सब के अलावा 24 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भी जारी

14 लाख से ज्यादा है आपकी सीटीसी

नई दिल्ली.

देश में जहां एक तरफ नया इनकम टैक्स कानून लाने पर काम चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ बजट 2025 में सरकार ने न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए की इनकम को टैक्स-फ्री कर दिया है. फिर भी इसके कई अलग-अलग कैलकुलेशन सामने आए हैं. ऐसे में सैलरीड लोगों को जानकर ये अच्छा लगेगा कि कि अगर उनका सैलरी पैकेज 14 लाख रुपए से ज्यादा है, तब भी उनकी टैक्स लायबिलिटी जीरो होगी. नौकरी में कंपनियां एम्प्लॉइज को सीटीसी ऑफर करती हैं. इसमें आपकी सैलरी के अलावा कंपनी आपके ऊपर जो ईपीएफओ कंट्रीब्यूशन, इंश्योरेंस, ग्रेच्युटी इत्यादि पर जो खर्च करती हैं, उसे आपके सीटीसी (कॉस्ट टू कंपनी) में शामिल कर लेती हैं. इस तरह आपका टोटल सैलरी पैकेज सामने आता है. अगर आपको ये जानना है कि आपका इनकम टैक्स मैक्सिमम कैसे बचेगा, तो आपको ये मालूम होना चाहिए कि आपके सीटीसी में कंपनी ईपीएफओ में जो कंट्रीब्यूशन करती है, वो आपकी बेसिक सैलरी का 12 प्रतिशत होता है. आपकी बेसिक सैलरी आपकी टोटल सैलरी के करीब 50 प्रतिशत के बराबर होती है. साथ ही सैलरीड क्लास को 75,000 रुपए के स्टैंडर्ड डिडक्शन का भी फायदा मिलेगा. इन सब क्लेम और डिडक्शन के बाद आपकी टैक्सेबल इनकम 11.99 लाख रुपए रह जाएगी. इतनी इनकम पर आपको आयकर कानून की धारा-87A के तहत टैक्स रिबेट मिलेगी और आपकी टैक्स लायबिलिटी जीरो होगी.

हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी का आईपीओ लाएगा बड़ा बदलाव

नई दिल्ली.

भारतीय शेयर बाजार में कौन सी कंपनी का कब ऊपर चढ़ेगा और कब धड़ाम हो जाएगा इसका अंदाजा लगाना इन दिनों बड़ा मुश्किल है. बाजार अपनी चाल से चल रहा है. कभी हरियाली में रहता है, तो कभी निवेशकों को निराशा देकर बंद हो रहा है. बीते कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भी दलाल स्ट्रीट पूरी लाल दिखी. सेंसेक्स 0.25 फीसदी टूटकर 77,860.19 अंक पर बंद हुआ. लेकिन इस सभी के बीच अगले हफ्ते मार्केट में रौनक देखने को मिलेगी, क्योंकि मार्केट में 20 साल पुराना रिकॉर्ड टूट जाएगा. रतन टाटा की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का रिकार्ड ध्वस्त हो जाएगा. दरअसल, अगले हफ्ते 12 फरवरी को देश का सबसे बड़ा आईटी सेक्टर का आईपीओ मार्केट में आने वाला है, जिसका इश्यू साइस टीसीएस के इश्यू साइज से है. इस आईपीओ को लाने वाली कंपनी का नाम है हेक्सावेयर टेक्नोलॉजी.

आने वाला हफ्ता आईटी सेक्टर के लिए खास होने वाला क्योंकि 12 फरवरी को मार्केट में मुंबई बेस्ड आईटी कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज अपना आईपीओ मार्केट में ला रही है, जो

आईटी सेक्टर सबसे बड़ा आईपीओ होगा. इसका इश्यू साइज साल 2004 में आए टीसीएस के आईपीओ से लगभग दोगुना है. जहां टीसीएस के आईपीओ का साइज 4,713 करोड़ रुपये का था वहीं, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज अपने आईपीओ से 8,750 करोड़ रुपये जुटाने वाली है.

हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 12 फरवरी को मार्केट में खुलेगा और निवेशक इस आईपीओ में 14 फरवरी तक बोली लगा सकेंगे. कंपनी आईपीओ के जरिए 8,750 करोड़ जुटाने वाली है, जिसके लिए कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 674-708 रुपये प्रति शेयर तय किया है. ये आईपीओ पूरी तरह से ओएफएस पर बेस्ड है, जिसमें प्रमोटर कार्लाइल अपनी हिस्सेदारी बेच रहा है. आईपीओ के बाद, कार्लाइल की हिस्सेदारी मौजूदा 95 फीसदी से घटकर 74.1 फीसदी हो जाएगी. रिटेल निवेशक इस इश्यू में कम से कम 21 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें कम से कम 14,868 रुपये की जरूरत होगी.

अगर हम हेक्सावेयर के जीएमपी की बात करें तो वह अभी 11 रुपये चल रहा है. इसका मतलब यह है कि यह आईपीओ अपने 719 रुपये पर लिस्ट हो सकता है, जो कि करीब डेढ़ फीसदी का लिस्टिंग गेन होगा. वहीं, अगर कंपनी पर नजर डालें तो हेक्सावेयर पांच साल बाद दलाल स्ट्रीट में लौट रही है. सितंबर 2020 में डीलिस्टिंग के बाद जब इसके प्रमोटरों ने 475 रुपये प्रति शेयर की डीलिस्टिंग कीमत स्वीकार की थी, जिसके बाद कंपनी अब आईपीओ बाजार में रिकार्ड बनाने के लिए तैयार है.

सेबी की योजना सेक्रेटेरियल रिपोर्ट फॉर्मेट में सख्त सुधार करेगी

नई दिल्ली.

निवेशकों से फ्रॉड करने वाली कंपनियों की अब खैर नहीं है. फ्रॉड के लक्षण दिखते ही कंपनियां अब पकड़ा जाएंगी. शेयर मार्केट रेगुलेटर सेबी ऐसा इंतजाम करने जा रही है, ताकि शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशक धोखाधड़ी के शिकार नहीं हों. इसके लिए कंपनियों की कड़ी निगरानी की जाएगी. कंपनियों की ऑडिट कड़ी की जाएगी. इसके लिए सेबी एनुअल सेक्रेटेरियल कंप्लायंस रिपोर्ट के फॉर्मेट में बदलाव करने जा रही है. सेबी की ओर से इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है. इसके तहत ऑडिट करने के रूल बदले जा रहे हैं. ऑडिटरों को कंपनी के बारे में इस तरह से रिपोर्टिंग करनी होगी कि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए. सेबी की रडार पर कंपनियों के मैनेजमेंट के साथ ही कंपनियों के ऑडिटर भी रहेंगे. सेबी की ओर से जारी कंसल्टेशन पेपर के तहत ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया में भी बदलाव की जाएगी. इसके अलावा ऑडिटरों की योग्यता की भी कड़ाई से जांच की जाएगी. स्टॉक एक्सचेंज को भी कंपनियों से सेबी के नए एनुअल सेक्रेटेरियल कंप्लायंस रिपोर्ट के फॉर्मेट के तहत कंप्लायंस रिपोर्ट लेने के लिए कहा जाएगा. सेबी के इस तरह के कदम का मकसद कंपनियों में हायर लेवल ऑफ ऑथेंटिसिटी और ट्रांसपैरेंसी कायम करना है, ताकि निवेश करने वाले कंपनी की स्टॉक एक्सचेंज में रेगुलेटरी फाइलिंग देखकर कंपनी की वित्तीय सेहत के बारे में ठीक-ठाक अंदाज लगाकर निवेश के बारे में सही फैसले ले सकें.

मध्यप्रदेश में निवेश का नया युग

> पर्यटन,फार्मास्युटिकल्स तक विभिन्न सेक्टर में बढ़ेगा निवेश

भोपाल.

मध्यप्रदेश अपनी मजबूत इकोनॉमी, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेशक-अनुकूल नीतियों और विशिष्ट प्रोत्साहन कार्यक्रमों की वजह से आज निवेश अवसरों की एक प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। व्यापार के अनुकूल माहौल और निवेश के अवसर पैदा करने के मजबूत कमिटमेंट के चलते यह राज्य आज ग्रोथ और विकास का 'कुंभ' बन चुका है। विशेषरूप से मध्यप्रदेश पर्यटन, फार्मास्युटिकल्स, वाहन, खनन, डेयरी और फूड प्रोसेसिंग जैसे सेक्टर्स के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। मध्यप्रदेश 24-25 फरवरी को भोपाल में अपने द्विवार्षिक वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस सम्मेलन के जरिये जहां राज्य निवेश आकर्षित करने का प्रयास करेगा, वहीं अपनी आर्थिक क्षमता का भी प्रदर्शन करेगा।

यह निर्यात तैयारी सूचकांक-2021 में 7वें स्थान पर है और विश्व

5000 किलोमीटर का राष्ट्रीय राजमार्ग

शिखर सम्मेलन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के निवेश माहौल और औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में निवेशकों को बताना है, जो संभावित सहयोग के कई अवसर प्रदान करते हैं। राज्य 5,000 किलोमीटर से अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग के नेटवर्क के साथ मजबूत संपर्क प्रदान करता है। इसके अलावा इसका रेल नेटवर्क भी मजबूत है और यहां से प्रतिदिन 550 ट्रेन गुजरती हैं।

बैंक द्वारा आयोजित कारोबार सुगमता (ईओडीबी) के मामले में प्रमुख भारतीय राज्यों में से एक है। आठ फूड पार्कों, डेढ़ करोड़ टन की भंडारण क्षमता और 3,54,000 वर्ग मीटर से अधिक का कोल्ड स्टोरेज मेंटेनेंस क्षेत्र मध्यप्रदेश को उद्योगों के लिए एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। 3,08,252 किलोमीटर क्षेत्र के साथ इसमें जैविक खेती के तहत सबसे बड़ा क्षेत्र है (भारत का 27 प्रतिशत जैविक उत्पादन मध्य प्रदेश में होता है)। राज्य की बड़ी आबादी एक विशाल उपभोक्ता बाजार प्रदान करती है। मध्यप्रदेश ने राज्य में मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक नीतियां बनाई हैं। यह कई प्रोत्साहन प्रदान करता है, जिसमें प्लांट और मशीनरी में निवेश के 40 प्रतिशत तक निवेश प्रोत्साहन सहायता शामिल है।

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर





प्रविण कडू : 9822472123

बीजेपी का कोई भविष्य नहीं: संजय राउत

आप और कांग्रेस को दी नसीहत

मुंबई. दिल्ली चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं. इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है. चुनाव के पहले ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. जिसका खामियाजा आप को भुगतना पड़ा है. इसको लेकर शिवसेना सांसद संजय राउत ने भी टिप्पणी की है. इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी को लेकर कहा कि उसका कोई भविष्य नहीं है. ये सब अस्थायी हैं. राउत ने कहा कि चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि वे बैठकर सीट बंटवारे को लेकर चर्चा करते. दोनों दलों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा और दोनों को ही हार का मुंह देखना पड़ा है. ये हार देश के लिए नुकसान है. संजय राउत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि सब आपस में लड़ते रहें. जब तक हम आपस में लड़ेंगे तब हम किसी भी हालत में तानाशाही को नहीं हरा सकते हैं. उन्होंने कहा कि बीजेपी का कोई भविष्य नहीं है. अभी उन्हें आए हुए 10 ही साल हुए हैं. आने वाले समय में वे भी चले जाएंगे. विपक्ष ही देश को आगे ले जाएगा. इंडिया गठबंधन है और आगे भी रहेगा. दिल्ली के नतीजे आने के बाद एक बड़ा सवाल जरूर उठ खड़ा हुआ है. वो है कि क्या आम आदमी पार्टी को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहिए था? चुनाव नतीजों को देखें तो दिल्ली की 70 में से कम से कम 19 सीटें ऐसी हैं, जहां पर बीजेपी की जीत का अंतर आप और कांग्रेस को मिले वोटों के बराबर है. ज्यादातर सीटों पर तीसरे नंबर पर रही कांग्रेस को जितने वोट मिले हैं, उतना ही बीजेपी और आप के बीच हार का अंतर है. बीजेपी के मुकाबले अगर दोनों दल एक साथ मिलकर लड़ते तो कहीं न कहीं ये परिणाम कुछ और होते.

विपक्ष देश को आगे ले जाएगा: राउत

❒ शिवसेना यूबीटी सांसद ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा- भाजपा का कोई भविष्य नहीं है, यह अस्थायी है, अभी 10 साल हुए हैं, आने वाले समय में वे चले जाएंगे, विपक्ष देश को आगे ले जाएगा। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन को लेकर संजय राउत ने कहा कि, इंडिया गठबंधन है और भविष्य में भी रहेगा।

साइबर ठगों ने की निवेश के नाम पर 41 लाख की ठगी

नई दिल्ली. कई लोग जल्दी से पैसा, अच्छी इनकम के लालच में रहते हैं, लेकिन ऐसे लोगों की जासूसी, धोखाधड़ी और उनकी जीवन भर की कमाई लूटने की कई घटनाएं सामने आ रही हैं. ऐसी ही एक घटना पुणे में भी हुई है, जहां साइबर चोरों द्वारा दो लोगों से 41 लाख रुपए की ठगी करने की बात सामने आई है. घोरपड़े पेठ की एक महिला और पाषाण के एक व्यक्ति से साइबर चोरों द्वारा 41 लाख रुपए ठगे जाने की बात सामने आई है. इस संबंध में मुंढवा और बाणेर पुलिस थानों में मामला दर्ज किया गया है और साइबर पुलिस आगे की जांच कर जालसाजों की तलाश कर रही है. जानकारी के अनुसार, घोरपड़े पेठ निवासी 37 वर्षीय महिला ने साइबर ठगी के संबंध में मुंढवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

शिकायत में महिला ने कहा कि चोरों ने यह कहकर विश्वास हासिल किया कि शेयर बाजार में अच्छा रिटर्न मिलता है. इसके बाद उन्होंने समय-समय पर महिला से पैसे लिए और उसे अपने बैंक खाते में कुल 23 लाख 50 हजार रुपए जमा करने के लिए मजबूर किया. हालांकि, काफी समय बीत जाने के बाद जब महिला ने उनसे पैसे वापस मांगे तो उन्होंने उसे पैसे नहीं दिए. यह घटना दिसंबर से जनवरी के बीच एक महीने के भीतर घटित हुई. धोखाधड़ी का अहसास होने पर महिला मुंधवा पुलिस थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई. एक अन्य घटना में साइबर चोरों ने पाषाण निवासी 44 वर्षीय व्यक्ति से 17 लाख 74 हजार रुपए की ठगी की. चोरों ने 17 सितंबर को उनके मोबाइल फोन पर एक लिंक भेजा और एक ऐप डाउनलोड करने को कहा. इससे यह संदेश गया कि शेयर बाजार में निवेश करने से अच्छा रिटर्न मिलेगा. इसके बाद चोरों ने उन्हें बदले में कुछ पैसे देकर उनका विश्वास जीत लिया. इसके बाद समय-समय पर कुल 17 लाख 74 हजार रुपए निवेश करा दिए. लेकिन ठगों ने उन्हें कोई पैसा वापस दिए बिना ही आर्थिक रूप से धोखा दिया. अंत में शिकायतकर्ता बाणेर पुलिस थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई. साइबर पुलिस इस मामले की आगे जांच कर रही है.

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर यातायात 6 महीने तक रहेगा बंद

मुंबई. मुंबई-पुणे हाईवे पर सफर करने वालों के लिए अहम खबर सामने आई है। यशवंतराव चव्हाण मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर पनवेल में मुंबई की ओर जाने वाला निकास मार्ग कलंबोली सर्कल पर निर्माण कार्य के कारण 11 फरवरी से छह महीने के लिए पूरी तरह से बंद रहेगा। इस कारण यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना पड़ेगा। हम यह पता लगाने जा रहे हैं कि ये वैकल्पिक मार्ग क्या होंगे।महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) कलंबोली जंक्शन सुधार परियोजना के तहत एक नए फ्लाईओवर और अंडरपास का निर्माण शुरू कर रहा है, इसलिए यह मार्ग बंद रहेगा। नवी मुंबई यातायात अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इससे सभी प्रकार का यातायात प्रभावित होगा। इसमें हल्के और भारी दोनों प्रकार के वाहनों का परिवहन शामिल है। पनवेल, मुंब्रा और जेएनपीटी की ओर जाने वाले वाहन प्रभावित होंगे। क्षेत्र में यातायात की भीड़ से बचने और निर्माण कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए ये प्रतिबंध 24 घंटे लागू रहेंगे। इस बीच, अधिकारियों ने इस अवधि के दौरान सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक मार्ग सुझाए हैं। जिसके अनुसार मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे से पनवेल, गोवा और जेएनपीटी जाने वाले वाहनों को कोनफटा (9.600 किमी) पर पलासपे सर्कल के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर डायवर्ट किया जाएगा। इस दौरान पुणे से मुंबई जाने वाले तथा तलोजा, कल्याण और शिलफाटा की ओर जाने वाले वाहनों को 1,200 किमी की दूरी तक पनवेल-सायन राजमार्ग पर सीधे आगे बढ़ना होगा तथा पुरुषार्थ पेट्रोल पंप फ्लाईओवर के नीचे से दाहिनी ओर मुड़कर रोडपाली और राष्ट्रीय राजमार्ग-48 से आगे बढ़ना होगा।

श्रद्धा वालकर के पिता की हार्टअटैक से मौत

आफताब के लिए फांसी की सजा चाहते थे विकास

❒ श्रद्धा के पिता विकास वालकर ने आफताब के लिए मौत की सजा की मांग की थी. दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आफताब के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी है. कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं और केस का ट्रायल चल रहा है. विकास वालकर के निधन से वाकर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. श्रद्धा की नृशंस हत्या और अब विकास वाकर का निधन, परिवार के लिए असहनीय क्षति है. मामले में इंसाफ का इंतजार अभी भी जारी है.

मुंबई. श्रद्धा वाकर के पिता वालकर का रविवार को मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया. वह अपनी पत्नी और परिवार के साथ वसई में रहते थे. विकास वालकर अपनी बेटी श्रद्धा वालकर की निर्मम हत्या के बाद से गहरे सदमे में थे. यह घटना मई 2022 में दिल्ली में हुई थी, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था.

महरौली इलाके में उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला (28) ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी. श्रद्धा और आफताब किराए के मकान में महरौली में साथ रहते थे. विकास वालकर अपनी बेटी श्रद्धा की नृशंस हत्या के बाद से गहरे सदमे में थे. उनकी एक अंतिम इच्छा थी कि वे अपनी बेटी का अंतिम संस्कार करें, लेकिन यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी. श्रद्धा का परिवार आफताब के साथ उसके रिश्ते को लेकर सहज नहीं था. इस वजह से श्रद्धा ने परिवार के साथ संपर्क तोड़ लिया था.

जांच में पता चला कि श्रद्धा अपने प्रेमी आफताब के साथ दिल्ली में रहती है. मुंबई पुलिस ने दिल्ली पुलिस से संपर्क साधा. दिल्ली पुलिस ने श्रद्धा की तलाश शुरू की और आफताब को महरौली से उसके किराए के फ्लैट से गिरफ्तार किया. पुलिस ने फ्लैट में रखे फ्रिज से श्रद्धा के शव के बचे हुए टुकड़े, खून के धब्बे बरामद किए.

पूछताछ में आफताब ने अपना गुनाह कबूल कर लिया. आफताब पूनावाला ने पुलिस को बताया कि 18 मई, 2022 को एक बहस के बाद उसने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा का गला घोंटकर हत्या कर दी थी. उसने श्रद्धा के शरीर के 35 टुकड़े करके उन्हें 300 लीटर के फ्रिज में रख दिया, ताकि किसी को पता न चले और शव को आसानी से ठिकाने लगाया जा सके. श्रद्धा की पहचान छिपाने के लिए आफताब ने उसका चेहरा जला दिया था. आफताब पूनावाला श्रद्धा की हत्या के बाद 18 दिनों तक उसके शव के टुकड़ों को हर रात लगभग 2 बजे छतरपुर के जंगलों में ले जाकर फेंकता रहा. दिल्ली पुलिस ने आफताब पूनावाला को 12 नवंबर, 2022 को गिरफ्तार किया था.

म्हाडा भूखंडों पर 37 सोसायटियों के 70 फ्लैट जब्त

मुंबई. महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास (भूमि वितरण) विनियम 16 के तहत वितरित भूखंडों पर स्थापित सहकारी गृह निर्माण सोसायटियों को प्रत्येक फ्लैट का दस प्रतिशत हिस्सा सरकार और म्हाडा को सौंपना आवश्यक था। लेकिन अब तक यह पता चला है कि 58 में से 37 हाउसिंग सोसायटियों ने 70 से अधिक फ्लैटों को सरकार और म्हाडा को सौंपे बिना ही आपस में बेच दिया है। राज्य सरकार ने अदालत के आदेश के अनुसार इस मामले में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जिसमें यह जानकारी दी गई है।

इसलिए मुझे मोदी और योगी पसंद हैं: आशा भोसले

ठाणे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण विनम्र होते हैं। यदि विपक्ष कोई आरोप लगाता है तो वे कभी भी उसके बारे में बुरा नहीं बोलते। उनके पास हिमंत है। वरिष्ठ गायिका आशा भोसले ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें राजनीति में योगी और मोदी पसंद हैं।

स्वातंत्र्य वीर सेवा प्रतिष्ठान की ओर से शनिवार को आनंदोत्सव संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इसका प्रदर्शन काशीनाथ घनेकर थिएटर में किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ गायिका आशा भोसले से

विशेष साक्षात्कार लिया गया। इस अवसर पर मंत्री प्रताप सरनाईक, उदय सामंत, शंभूराज देसाई, भरत गोगावले, प्रकाश अबितकर, निर्देशक और अभिनेता प्रवीण तरडे उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जन्मदिन के अवसर पर आशा भोसले ने 'एकनाथ तू... लोकनाथ तू' गीत का अनावरण किया। फिर अभिनेता अभिजीत खांडकेकर ने आशा भोसले का साक्षात्कार लिया।

इस साक्षात्कार को सुनने के लिए बड़ी संख्या में ठाणेकर्स उपस्थित थे। गीत के बारे में उन्होंने कहा,"माइक मेरे लिए भगवान है।" मैं हर गाना ऐसे गाती हूं जैसे वह मेरा पहला गाना हो। जीवन में भयंकर राजनीति थी।

उद्योग में नए लोगों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। इसका मुझ पर ज्यादा असर नहीं हुआ. कई लोग मेरे खिलाफ खड़े हो गए। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि काम पूरा होने के बाद मैं किसी से बात किए बिना चली जाऊंगी। अगर मेरे पास काम नहीं होगा तो मैं जीवित नहीं रह पाऊंगी। उन्होंने कहा,"यही कारण है कि मैं आज भी गा रही हूं। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रौद्योगिकी विष और अमृत की तरह है। प्रौद्योगिकी सोचने की क्षमता को खत्म कर देती है। उन्होंने कहा कि वे एआई के जरिए मेरी आवाज में गाने गाएंगी, लेकिन गानों में भावनाएं कहां से लाएंगी? उन्होंने वर्तमान पीढ़ी के बारे में कहा कि यह अब पहले जैसी मानवीय नहीं रही। अब तो सबकुछ बिखरता नजर आ रहा है।

शराबी युवक को लगा 20,000 का जुर्माना

पुणे.

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अमृत बिराजदार ने शराब के नशे में धुत एक दोपहिया वाहन सवार को पांच दिन के साधारण कारावास और 20,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। रब्बी शेख (उम्र 29) को इस मामले में दोषी ठहराया गया और सजा सुनाई गई। कोथरुड यातायात शाखा के पुलिसकर्मी 3 अगस्त 2024 को पौड़ फाटा पर नाका लगाकर वाहन चालकों की जांच कर रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे बाइक सवार रब्बिन शेख तेज गति से भाग रहा था। नाकाबंदी पर पुलिस कर्मियों ने उसे रोक लिया। जांच में पता चला कि उसने शराब पी रखी थी।

जब यह पता चला कि उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उसे अदालत में पेश किया गया। सरकारी वकील वर्षा रानी जाधव ने मामला पेश किया।आरोपी ने नशे में और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के खतरनाक तरीके से दोपहिया वाहन चलाया। जाधव ने अपने तर्क में यह बात कही। आरोपी की उम्र और उसके पहले अपराध को देखते हुए अदालत ने उसे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 285 (2) के तहत सजा सुनाई। अदालत ने फैसले में यह भी कहा कि यदि आरोपी जुर्माना अदा नहीं करता है तो उसे 20 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

ट्रैफिक पुलिसकर्मी को पत्थर मारनेवाला युवक गिरफ्तार

इंग्लैंड ने कटक में खेले गए दूसरे वनडे मैच में इंग्लैंड को 4 विकेट से हरा दिया है. इसी के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज में टीम इंडिया ने 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है. भारतीय टीम की जीत के सबसे बड़े हीरो रोहित शर्मा रहे, जिन्होंने 90 गेंद में 119 रन की शानदार और यादगार पारी खेली. उनके अलावा शुभमन गिल ने भी अर्धशतकीय पारी खेल टीम की जीत में बड़ा योगदान दिया. कटक के बाराबती मैदान में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया था. इंग्लैंड टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 304 रनों का विशालकाय स्कोर खड़ा किया था. इंग्लैंड के लिए जो रूट और बेन डकेट ने अर्धशतक लगाया, वहीं अंतिम ओवरों में लियाम लिविंगस्टोन ने भी 41 रनों की तेजतर्रार पारी खेल अपनी टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई. जब भारतीय टीम 305 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई. दोनों ने मिलकर 15 ओवर में ही टीम का स्कोर 114 तक पहुंचा दिया था. रोहित और गिल के बीच 136 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई. दरअसल रोहित और गिल ही भारत की जीत की नींव रख चुके थे. विराट कोहली एक बार फिर बड़ा स्कोर करने में नाकाम रहे और केवल 5 रन बनाकर आउट हो गए. श्रेयस अय्यर ने पिछले मैच में फिफ्टी लगाई थी और कटक में भी 44 रन बनाकर क्रीज पर सेट हो चुके थे, लेकिन अक्षर पटेल के साथ तालमेल की कमी के कारण रनआउट हो गए. नागपुर में टीम इंडिया ने शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर की दमदार पारियों की मदद से जीत के साथ सीरीज की शुरुआत की थी. मगर इस बार इंग्लैंड ने 304 रन का बड़ा स्कोर बनाकर चुनौती बढ़ा दी थी. ऐसे में टीम इंडिया को अपने स्टार बल्लेबाजों से जोरदार पारियों की जरूरत थी और यही हुआ. विराट कोहली को छोड़कर टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर ने कमाल की पारियां खेलकर इस लक्ष्य को 45 ओवर के अंदर ही पूरा कर लिया. इस तरह टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार सातवीं वनडे सीरीज अपने नाम कर ली.

कटक में भारत और इंग्लैंड के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है. पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने 304 रन बनाए. इससे पहले भारतीय खिलाड़ी शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने गजब का कैच पकड़ा. इस कैच के बाद बल्लेबाज समेत फैंस हैरान रह गए. दरअसल, इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक आसानी से रन बना रहे थे. हैरी ब्रूक और जो रूट के बीच 66 रनों की साझेदारी हो चुकी थी. इसके बाद शुभमन गिल ने हैरी ब्रूक का शानदार कैच लपका. अब सोशल मीडिया पर शुभमन गिल का कैच तेजी से वायरल हो रहा है. शुभमन गिल से पहले यशस्वी जायसवाल ने बैन डकैट का लाजवाब कैच पकड़ा. हर्षित राणा की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने बैन डकैट का शानदार कैच लिया. इस तरह हर्षित राणा को अपने डेब्यू मुकाबले में पहला विकेट मिला. अब सोशल मीडिया पर शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल का कैच खूब वायरल हो रहा है. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

गौरतलब है कि इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड टीम 49.5 ओवर में 304 रनों पर सिमट गई. इंग्लैंड के लिए जो रूट ने सबसे ज्यादा 72 गेंदों पर 69 रन बनाए. इसके अलावा ओपनर बैन डकैट ने 56 गेंदों पर 65 रनों की पारी खेली. जोस बटलर ने 35 गेंदों पर 34 रन बनाए. जबकि लियिम लिविंगस्टोन ने 32 गेंदों पर 41 रनों का योगदान दिया. वहीं, भारत के लिए रवींन्द्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए. खबर लिखे जाने तक भारत का स्कोर 21 ओवर के बाद 2 विकेट पर 158 रन है. इस समय भारत को 1447 रनों की दरकार है. जबकि भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर क्रीज पर हैं.

उषा हेगड़े और शोभा नारायण ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

मैसूरु.

खो-खो विश्व कप विजेता भारतीय महिला टीम की मैसूरु जिले की खिलाड़ी बी. चैत्रा और पुरुष टीम के मंड्या के एम.के. गौतम को खेल में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।जिला और सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में जगममोहन पैलेस में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता शोभा नारायण ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित करती है, उसी तरह राज्य सरकार को भी खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित करना जारी रखना चाहिए।हाल ही में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उषा हेगड़े ने कम उम्र में चैत्रा की उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की और कहा कि उन्हें और अधिक गौरव हासिल करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए और अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। राज्य गन्ना कृषक संघ के अध्यक्ष कुरुबुर शांताकुमार ने कहा कि खेल सभी जाति, राजनीतिक सीमाओं, संगठनों से परे है और खिलाड़ियों को उनके प्रयासों के लिए मान्यता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैसूर जिले के कुरुबुर गांव की रहने वाली चैत्रा ने विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बनकर भारत का गौरव बढ़ाया है और उनकी उपलब्धियों ने युवा पीढ़ी को सकारात्मक संदेश दिया है। राज्य सरकार को ऐसी प्रतिभाओं को नौकरी और जमीन देकर पहचान देनी चाहिए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरकार से विश्व चैंपियन एथलीटों के लिए घोषित 5 लाख रुपए की वित्तीय सहायता का पुनर्मूल्यांकन करने और उन्हें उचित मान्यता प्रदान करने का आग्रह किया। विश्व कप खो-खो विजेताओं के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया।

एमआई केपटाउन ने जीती पहली एसए-20 लीग

सनराइजर्स को 76 रन से हराया

नई दिल्ली.

साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर खेले गए एसए20 लीग को जीतकर मुंबई की टीम पहली बार चैंपियन बनी है। राशिद खान की अगुवाई में एमआई केपटाउन ने खिताबी मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को 76 रन से हराते हुए खिताब पर कब्जा जमाया है। एमआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए। मुंबई के लिए कॉनर एस्टरहुइजन ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स की टीम महज 105 रन पर सिमट गई। सनराइजर्स पर ट्रेंट बोल्ट और कगिसो रबाडा कहर बनकर टूटे। रबाडा ने चार तो बोल्ट ने दो अहम विकेट चटकाए। बोल्ड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

एसए20 लीग के फाइनल में 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स ईस्टर्न केप की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम शुरुआत झटकों के बाद अंत तक बैकफुट पर रही। डेविड बेडिंघम को 5 के स्कोर पर रबाडा ने आउट किया। इसके बाद जॉर्डन हरमन को ट्रेंट बोल्ट ने अपना शिकार बनाया। फिर टोनी डी जोरजी भी 26 रन बनाकर कप्तान राशिद खान का शिकार बने। सनराइजर्स के कप्तान एडम मार्करम भी 6 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद रबाडा-बोल्ट ने कहर बरपाते हुए पूरी टीम सिर्फ 105 रन पर समेट दिया।

ट्रेंट बोल्ट ने अपने 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 9 रन खर्चते हुए 2 अहम विकेट चटकाए तो वहीं कगिसो रबाडा ने 3.4 ओवर में महज 25 रन देकर चार विकेट हासिल किए। जॉर्ज लिंडे ने दो विकेट, जबकि कप्तान राशिद खान ने एक विकेट अपने नाम किया। ट्रेंट बोल्ट को उम्दा प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। वहीं, टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले मार्को यानसेन को प्लेयर ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमआई की टीम ने 181 रन स्कोर बोर्ड पर टांगे। एमआई को बहुत अच्छी शुरुआत मिली। डुसेन और रिकेल्टन की सलामी जोड़ी ने 4.6 ओवर में पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। डुसेन 25 रन पर आउट हुए तो रिकेल्टन ने 15 गेंदों पर 33 रन की पारी खेली। कॉनर एस्टरहुइजन ने सबसे ज्यादा 26 गेंदों पर दो चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने आखिर में 18 गेंदों पर दो चौके और 4 छक्कों की मदद से 38 रन कूटते हुए एमआई को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

कॉर्बिन बॉश का पहला आईसीसी टूर्नामेंट

नई दिल्ली.

चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से पहले साउथ अफ्रीका को डबल झटका लगा है. उसके दो गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया और गेराल्ड कोएत्जी चोट के चलते इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं. हालांकि अब साउथ अफ्रीका ने नॉर्खिया के रिप्लेसमेंट का ऐलान कर दिया है. नॉर्खिया की जगह कॉर्बिन बॉश को स्क्वाड में शामिल किया गया है. चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से पहले कई टीमों के खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं. कई स्टार खिलाड़ी चोटिल होने के बाद इस टूर्नामेंट से बाहर भी हो गए हैं. साउथ अफ्रीका के भी दो गेंदबाजों एनरिक नॉर्खिया और गेराल्ड कोएत्जी को चोट के बाद चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर का रास्ता देखना पड़ा है. हालांकि इनमें से एक खिलाड़ी के रिप्लेसमेंट का ऐलान कर दिया गया है. साउथ अफ्रीका की टीम में अब एक ऐसे खिलाड़ी की एंट्री हुई है जिसने सिर्फ एक वनडे मैच खेला है. एनरिक नॉर्खिया की जगह साउथ अफ्रीका ने अपने स्क्वाड में कॉर्बिन बॉश को शामिल किया है. कॉर्बिन बॉश अपने करियर में पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी खेलने जा रहे हैं. इतना ही नहीं ये उनका पहला आईसीसी टूर्नामेंट भी होगा. एनरिक नॉर्खिया पहले साउथ अफ्रीका की टीम में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शामिल किए गए थे. हालांकि नॉर्खिया को पीठ की चोट के चलते चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा. अब उनकी जगह साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने 30 साल के कॉर्बिन को अपने स्क्वाड में जगह दी.

न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत, पाक को 78 रन से हराया

लाहौर.

पाकिस्तान में खेले जा रहे त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड ने शानदार परफॉर्मेंस किया और पाकिस्तान को हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल की. त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 78 रन से हरा दिया. मैच में पहले न्यूजीलैंड टीम ने बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 6 विकेट पर 330 रन बनाए, न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया. फिलिप्स ने 72 गेंद पर शतक जमाने का कमाल किया. फिलिप्स की 74 गेंद पर 106 रन की नाबाद पारी के दम पर न्यूजीलैंड की टीम 330 रन बना पाने में सफल रही. वहीं, पाकिस्तान की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 47.5 ओवर में 252 रन ही बना सकी .पाकिस्तान की ओर से केवल फखर जमां ने अच्छी बल्लेबाजी की और 84 रन बनाए. फिलिप्स को उनके शानदार शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया. भले ही पाकिस्तान को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन पाकिस्तान के लिए अच्छी बात रही कि फखर जमां ने आतिशी अंदाज में बल्लेबाजी कर अपना अर्धशतक पूरा किया. फखर ने मैच में 69 गेंद पर 84 रन बनाए. अपनी पारी में जमां ने 7 चौके और 4 छक्के लगाने में सफलता हासिल की. अपनी धुआंधार पारी के दौरान फखर जमां ने एक खास कारनामा भी कर दिखाया. वनडे मैचों में 300+ रन का पीछा करते हुए सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में फखर ने विस्फोटक क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. वनडे में 300+ रन के टारगेट का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा छक्का लगाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है. दूसरी ओर ग्लेन फिलिप्स टी20I और वनडे प्रारूप में शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं, उनसे पहले ऐसा कारनामा ब्रेंडन मैकुलम, मार्टिन गुप्टिल और मार्क चैपमैन ने किया था. पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में फिलिप्स ने शतक भी जमाया और फील्डिंग करने के दौरान एक कैच भी लपकने में सफल रहे. वहीं, गेंदबाजी करते हुए एक एक विकेट भी अपने नाम करने में सफल रहे. ग्लेन फिलिप्स के ऑल राउंड परफॉर्मेंस के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया.

शादी, तलाक और बच्चों पर करीना का इमोशनल पोस्ट

बॉलीवुड की चमकती दुनिया में रविवार की सुबह एक अजीब हलचल लेकर आई, जब सुपरस्टार करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर की. इस पोस्ट में न तो किसी का नाम लिया गया, न ही किसी घटना का जिक्र हुआ, लेकिन शब्दों ने फैंस को बेचैन कर दिया. खासकर तब, जब उनके पति और फेमस एक्टर सैफ अली खान पर चाकू से हुए हमले की खबरें पहले ही सुर्खियों में हैं.

करीना कपूर ने जो पोस्ट शेयर किया उसने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया. उन्होंने पोस्ट में लिखा, "आप शादी, तलाक, चिंताएं, प्रसव, किसी अपने की मौत, पालन-पोषण को कभी नहीं समझ पाएंगे... जब तक यह वास्तव में आपके साथ नहीं होता है. लाइफ में स्थितियों के सिद्धांत और धारणाएं रियलिटी नहीं हैं. आप सोचते हैं, कि आप दूसरों से ज्यादा स्मार्ट हैं, जब तक कि जीवन आपकी बारी आने पर आपको विनम्र नहीं बनाता."

इस पोस्ट में शादी और तलाक जैसे शब्दों का जिक्र है, जिसने फैंस को बेचैन कर दिया. क्या यह केवल एक नॉर्मल थॉट है या करीना अपने जीवन में किसी मुश्किल दौर से गुजर रही हैं? करीना की यह पोस्ट ऐसे समय आई है, जब उनके पति सैफ अली खान पर उनके बांद्रा स्थित घर में एक शख्स ने चाकू से हमला कर दिया था. इस हमले के बाद सैफ को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी छह सर्जरी हुईं थीं. फिलहाल, सैफ अब हॉस्पिटल से घर लौट चुके हैं, लेकिन इस घटना ने पूरे परिवार को हिला कर रख दिया है. अब फैंस सवाल कर रहे हैं, क्या करीना की पोस्ट इसी घटना से जुड़ी है? या फिर इसके पीछे कोई और कहानी छिपी है?

करीना की पोस्ट वायरल होते ही फैंस ने कमेंट्स की बौछार कर दी. कोई पूछ रहा, "क्या सब ठीक है?", तो कोई हैरान है, "क्या सैफ और करीना के रिश्ते में कोई तनाव चल रहा है?." तो कुछ ने तो यह तक कहना शुरू कर दिया कि "क्या ये तलाक की ओर इशारा है? हालांकि, करीना ने अब तक इस पोस्ट के पीछे की मंशा साफ नहीं की है, लेकिन उनके शब्दों ने सोशल मीडिया पर चर्चाओं का तूफान खड़ा कर दिया है.

सिंगर हार्डी संधू पुलिस की हिरासत में

पंजाबी सिंगर हार्डी संधु को हाल ही में चंडीगढ़ पुलिस ने एक फैशन शो के दौरान हिरासत में ले लिया. यह घटना सेक्टर 34 में चल रहे एक फैशन शो के दौरान हुई, जब हार्डी संधु लाइव परफॉर्म कर रहे थे. पुलिस ने अचानक शो को रुकवा दिया, जिससे उनके फैंस में हड़कंप मच गया. आइए जानते हैं, कि सिंगर को क्यों हिरासत में लिया गया और इस मामले में क्या अपडेट हैं. यह घटना चंडीगढ़ के सेक्टर 34 स्थित एक फैशन शो के दौरान हुई. रिपोर्ट्स के अनुसार, हार्डी संधु जब शो में परफॉर्म कर रहे थे, तभी पुलिस ने आकर प्रोग्राम को रोकने की कोशिश की. इस दौरान सिंगर की मुश्किलें बढ़ गईं, और उन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने ले गई.

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को जानकारी मिली थी, कि इस फैशन शो के आयोजन के लिए प्रशासन से उचित अनुमति नहीं ली गई थी. इसके बाद पुलिस ने शो को रोकने का फैसला लिया, और हार्डी संधु को भी हिरासत में ले लिया. प्रशासन से अनुमति न मिलने के कारण यह कार्रवाई की गई.

शो के आयोजकों ने दावा किया कि उन्होंने प्रशासन से इवेंट के लिए सभी जरूरी अनुमतियां ली थीं, और पुलिस को दो परमिशन लेटर भी दिखाए थे. इस पर पुलिस ने स्थिति की जांच की और बाद में हार्डी संधु को छोड़ दिया. शो को भी दोबारा शुरू करने की अनुमति मिल गई. इस खबर से हार्डी संधु के फैंस को राहत मिली, क्योंकि पहले यह समझा गया, कि मामला कुछ और था.

हार्डी संधु ने 2013 में अपने गाने 'सोच' से पहचान बनानी शुरू की. इसके बाद उनके कई हिट गाने सामने आए, जैसे 'नाह', 'बैकबोन', 'क्या बात है', 'बिजली बिजली' और 'तितलियां वर्गा'. उन्होंने बॉलीवुड में भी कदम रखा और 2021 में रिलीज हुई फिल्म 83 में इंडियन क्रिकेटर मदनलाल का किरदार निभाया. यह फिल्म रणवीर सिंह के साथ थी, जो क्रिकेट विश्व कप 1983 पर आधारित थी.

एयरपोर्ट पर चेहरा ढके नजर आए आदित्य नारायण

पॉपुलर सिंगर उदित नारायण बीते कई दिनों से चर्चा में बने हुए हैं. दरअसल, उन्होंने एक लाइव कार्यक्रम के दौरान सेल्फी लेने आईं फीमेल फैंस को किस कर लिया था. इसके वीडियो वायरल होने के बाद उदित नारायण को जमकर ट्रोल किया गया. हालांकि, सिंगर ने इस मुद्दे को लेकर बात की और फीमेल फैंस को किस करने को सही ठहराया है. अब उदित नारायण के बेटे आदित्य नारायण एयरपोर्ट पर चेहरा ढके नजर आए और पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद किया है. आदित्य नारायण का वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स ने उदित नारायण के नाम पर उन्हें निशाना बनाया है. गौरतलब है कि उदित नारायण ने लाइव कॉन्सर्ट के दौरान फीमेल फैंस को किस करने को लेकर रिएक्शन दिया था. उदित नारायण का कहना है कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है क्योंकि ये फैंस की उनके प्रति दीवानगी है वो उन्हें काफी प्यार करते हैं. उदित नारायण ने ये भी कहा था कि इस बात को ज्यादा तूल नहीं देना चाहिए. वह इंडस्ट्री में पिछले 46 सालों से हैं और उनकी इस तरह की इमेज नहीं है. उन्होंने कहा था कि बहुत से लोग चाहते हैं कि उनको लेकर विवाद हो.

सलमान ने जेल में बिताए समय पर किया खुलासा

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान हमेशा चर्चा में रहते हैं. वहीं, उनकी फैमिली के मेंबर्स भी किसी ना किसी बात को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं. अब सलमान खान के भाई अरबाज खान के बेटे अरहान खान ने एक पॉडकास्ट किया था. अरहान खान अपने यूट्यूब चैनल 'डंब बिरयानी' पर अपने दोस्तों के साथ सलमान खान का पॉडकास्ट किया था. इस दौरान अरहान खान और उनके दोस्तों ने एक्टर से तमाम सवाल किए जिसके उन्होंने जवाब दिए हैं. सलमान खान ने भतीजे अरहान खान के पॉडकास्ट के दौरान जेल में बिताए गए समय पर भी बात की.सलमान खान अपनी नींद और सोने को लेकर बात करते हुए कहा, 'मैं कुछ घंटे सोता हूं. महीने में एक ही बार ऐसा होता है कि मैं दिन में 7-8 घंटे सोता हूं. कभी-भी तो मुझे थोड़ा सा भी ब्रेक मिलता है तो मैं मिनटों के लिए सो जाता हूं. मैं बस तब सोता हूं जब मेरे पास करने के लिए कुछ नहीं होता है. मैं जब जेल में था तो मैं बहुत अच्छी नींद लेता था. प्लेन में टरबुलेंस होता है तब भी मैं सोता हूं क्योंकि उस समय मैं कुछ नहीं कर सकता. मेरे हाथ में कुछ नहीं रहता.' इसके अलावा सलमान खान ने पॉडकास्ट के दौरान तमाम मुद्दों पर बात की और अरहान खान के साथ जमकर मस्ती भी की.

सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह फिल्म 'सिकंदर' में नजर आने वाले हैं. एआर मुरुगादॉस के डायरेक्शन में बनने वाली ये फिल्म इस साल ईद पर रिलीज होने वाली है. फिल्म 'सिकंदर' में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं. सलमान खान की साल 2024 में एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई थी. वह पिछली बार साल 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आए थे.

9 साल बाद तूफान बनकर लौटी 'सनम तेरी कमस'

पिछले कुछ महिनों में देखा गया है कि मेकर्स अपनी पुरानी-पुरानी फिल्मों को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज कर रहे हैं. कमाल की बात ये है कि फिल्म री-रिलीज के दौरान अच्छी खासी कमाई भी कर रही हैं. 7 फरवरी को जहां हिमेश रेशमिया की बैडएस रविकुमार और जुनैद खान की लवयापा रिलीज हुई है, वहीं 9 साल पहले रिलीज हुई फिल्म सनम तेरी कसम को भी इस दिन दोबारा रिलीज किया गया है. रिलीज के पहले दिन से ही सनम तेरी कसम शानदार कमाई करती हुए नजर आ रही है.यूं तो पहले भी कई बड़ी-बड़ी फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज किया है. ये जवानी है दीवानी और पद्मावत जैसी फिल्मों के नाम इस लिस्ट में शामिल हैं. लेकिन फिल्म सनम तेरी कसन ने ओपनिगं डे पर भी शानदार कमाई की थी और अब री-रिलीज के दूसरे दिन पहले दिन से भी ज्यादा का कारोबार कर मेकर्स और फैन्स को काफी खुश कर दिया है. साल 2016 में पहली बार सनम तेरी कसम को थिएटर में रिलीज किया गया था. अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए फिल्म ने री-रिलीज में कामल किया है.सैकनिल्क की ताजा रिपोर्ट की माने तो री-रिलीज़ के दूसरे दिन, सनम तेरी कसम की कमाई में लगभग 15% की बढ़ोतरी देखी गई और इस फिल्म ने 5* करोड़ का कलेक्शन किया है. वहीं री-रिलीज के पहले दिन फिल्म ने 4 करोड़ की कमाई की थी. फिल्म ने दो दिन के अंदर 9 करोड़ का टोटल कलेक्शन कर लिया है. सनम तेरी कसम ने हिमेश और जुनैदी की नई फिल्मों को भी पछाड़ दिया है. साल 2016 में जब सनम तेरी कसम को पहली सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, तब ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी. इस फिल्म को बनाने के लिए मेकर्स 18 करोड़ का खर्चा किया था. लेकिन उस दौरान फिल्म ने महज 9.10 करोड़ की ही कमाई की थी. हैरानी की बात ये है कि इतनी कमाई तो सनम तेरी कसम री-रिलीज के दूसरे दिन ही कर चुकी है. वेलनटाइन वीक चल रहा है ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि ये फिल्म और भी ज्यादा कलेक्शन करेगी

कौन है सजदा पठान और अनन्या शानबाग?

2 मार्च 2025 को अमेरिका के लॉस एंजेलिस के पास हॉलीवुड में 97वें ऑस्कर अवार्ड का ऐलान होने वाला है. इस साल ऑस्कर की शार्ट फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेट हुई फिल्म 'अनुजा' 2 अनाथ भारतीय लड़कियों की कहानी है. इस शॉर्ट फिल्म में दिल्ली की सजदा पठान 'अनुजा' का किरदार निभा रही हैं तो बेंगलुरु की अनन्या शानबाग ने इस फिल्म में अनुजा की बड़ी बहन 'पलक' का किरदार निभाया है. आइए जान लेते हैं, हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई 'अनुजा' में प्रमुख भूमिका निभा रहीं सजदा और अनन्या की असल जिंदगी के बारे में. 'अनुजा' में टाइटल किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस सजदा पठान दिल्ली के 'सलाम बालक ट्रस्ट' में रहने वाली 9 साल की बच्ची हैं. अपने ऑनस्क्रीन किरदार 'अनुजा' की तरह सजदा भी असल जिंदगी में एक चाइल्ड लेबर थीं. लेकिन बचपन में ही उन्हें दिल्ली की 'सलाम बालक ट्रस्ट' एनजीओ ने रेस्क्यू किया था. इस संस्था के जरिए सजदा अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं. दरअसल मशहूर फिल्म मेकर मीरा नायर इस एनजीओ से जुड़ी हुई हैं और उनकी वजह से बाहर के देशों के कई फिल्म मेकर्स इस संस्था से जुड़े बच्चों के साथ या उनकी कहानियों पर फिल्म बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं. 'अनुजा' से पहले भी सजदा 2 घंटे की फीचर फिल्म 'द ब्रैड' में भी अपना कमाल दिखा चुकी हैं और बड़ी होकर भी उन्हें एक्टर ही बनना है.

सजदा के बाद अब बात करते हैं, इस फिल्म में अनुजा की बड़ी बहन पलक का किरदार निभाने वाली अनन्या शानबाग की. मुंबई में पली-बढ़ी अनन्या फिलहाल पढ़ाई के लिए बैंगलोर में रहती हैं. 'अनुजा' फिल्म से अनन्या ने अपना एक्टिंग डेब्यू किया है. लेकिन अपने डेब्यू में ही कमाल करने वाली ये एक्ट्रेस एक बेहतरीन डांसर भी हैं. 6 साल की उम्र से उन्होंने भरतनाट्यम की ट्रेनिंग लेना शुरू कर दिया था. उनकी मां खुद एक भरतनाट्यम डांसर हैं और फुल टाइम एक्टर बनने से पहले अनन्या बैंगलोर की क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर से भरतनाट्यम में एमए करना चाहती हैं. आज भी बैंगलोर के साथ-साथ पूरे इंडिया में अनन्या शानबाग के डांस शोज होते रहते हैं.

विजय को मिला रणबीर-सूर्या-एनटीआर का साथ

इस वक्त साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा को लेकर काफी चर्चा की जा रही है, ये पूरा बज उनकी अपकमिंग फिल्म 'वीडी 12' को लेकर बनी हुई है. जल्द ही फिल्म का टीजर रिलीज होने वाला है और इसके पहले ही फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आई, जिसमें बताया जा रहा है कि रणबीर कपूर इसका हिस्सा होंगे. लेकिन अब इसे और भी एक्साइटिंग करने वाली जानकारी आई है, जिसमें बताया गया है कि इसमें साउथ के दो बड़े स्टार्स भी शामिल होने वाले हैं. विजय देवरकोंडा की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'वीडी 12' का टीजर 12 फरवरी को रिलीज होगा. जिसमें रणबीर कपूर वॉयस ओवर कर रहे हैं, जो कि कंप्लीट हो चुका है. अब बताया जा रहा है कि इसमें सूर्या और जूनियर एनटीआर भी शामिल होंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, इस पैन इंडिया फिल्म में जिस तरह से रणबीर हिंदी में अपनी आवाज दे रहे हैं, ठीक उसी तरह सूर्या और जूनियर एनटीआर तमिल और तेलुगु में वॉयस ओवर करेंगे. गौतम तिन्नानुरी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का लोग काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

ओटीटी पर 'सबकी बाप' बनी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म

ओटीटी पर कॉमेडी, हॉरर और रोमांटिक के अलावा अगर किसी बेहतरीन ऑप्शन की तलाश में हैं तो हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वाले हैं। जिसे देख आपके होश और नींद उड़ने वाली है। इन दिनों सबसे ज्यादा लोगों को कुछ देखना पसंद है तो वो क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस थ्रिलर फिल्में है। इसमें से कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो आपके दिल और दिमाग पर ऐसी छाप छोड़ देती हैं कि उस फिल्म के सीन्स देख आपको आंख बंद करते ही डराने लते हैं। आज हम आपको एक ऐसी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म के बारे में बताएंगे जिसे देखने के बाद आपका दिल दहल जाएगा। इस फिल्म की शुरुआत से लेकर क्लाइमेक्स तक सब कुछ दिमाग हैरान करने वाले हैं।ओटीटी पर आए दिन एक्शन, कॉमेडी और रोमांटिक फिल्में स्ट्रीम की जाती है, लेकिन जब सबकुछ एक ही फिल्म में आपको देखने को मिलता जाएंगे तो मजे ही मजे हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही धांसू बॉलीवुड फिल्म के बारे में बताने वाले हैं, जिसका नाम और कहानी बहुत अलग है। इस फिल्म के टाइटल से आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते कि कहानी इतनी लाजवाब है। आप एक मिनट के लिए अपनी जगह से उठ नहीं पाएंगे। इस फिल्म को देखने के बाद आपको भी बॉलीवुड की फिल्मों देखने का मन होने लगेगा। इस फिल्म को रिलीज हुए 5 साल हो चुका है, लेकिन आज भी ये फिल्म ओटीटी पर अपनी धाक जमाए हुए है। ये फिल्म 2020 में रिलीज हुई थी और दस्तक देते ही धमाल मचा दिया था। फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। ऐसी फिल्में बहुत कम होती हैं जो दर्शकों को जिंदगी भर याद रह जाती है, लेकिन इस फिल्म ने लोगों के दिमाग में घर कर लिया था।

फिल्म में भरपूर एंटरटेनमेंट क साथ-साथ सोशल इशू को भी बहुत अच्छे से पेश किया गया है। ये उस वक्त की हिट फिल्म साबित हुई। हम सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'बुलबुल' की बात कर रहे हैं। एस ऐसी बॉलीवुड फिल्म जिसने कहानी के दम पर तहलका मचा दिया था। इसे अन्विता दत्त ने लिखा और निर्देशित किया था।

अब दिल्ली से दूर होगा प्रदूषण का संकट!

नई दिल्ली.

दिल्ली में प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है। इसे हल करने के लिए कृषि अवशेषों (जैसे फसल की पराली) का बेहतर तरीके से प्रबंधन करना जरूरी है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि कंप्रेस्ड (संपीड़ित) बायोगैस (सीबीजी) पराली जलाने और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन दोनों से निपटने में एक स्थायी समाधान प्रदान करती है।

दिल्ली में वाहनों से होता है 20 प्रतिशत प्रदूषण : नोमुरा रिसर्च इंस्टिट्यूट कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, गर्मियों में दिल्ली के प्रदूषण में वाहनों का योगदान 20 प्रतिशत और पराली जलाने का योगदान 16 प्रतिशत है, जबकि सर्दियों में ये आंकड़ा बढ़कर क्रमशः 30 प्रतिशत और 23 प्रतिशत हो जाता है।

पराली जलाने से चरम पर पहुंच जाता है वायु प्रदूषण : रिपोर्ट में कहा गया, 'इससे भी बुरी बात यह है कि पराली जलाने के चरम मौसम के दौरान, बायोमास-जलाने से उत्सर्जन अक्सर 30 प्रतिशत से अधिक हो जाता है।' इसमें कहा गया है कि हालांकि शहर की जहरीली हवा कई अन्य स्रोतों जैसे वाहनों के उत्सर्जन, निर्माण धूल, बायोमास जलाना (जिसमें धान की पराली जलाना भी शामिल है), और औद्योगिक उत्सर्जन से भी आती है।

सरकार, निजी क्षेत्र और किसानों को साथ मिलकर काम करना जरूरी : दिल्ली में प्रदूषण को लेकर रिपोर्ट कहती है कि सीबीजी को प्रदूषण नियंत्रण के उपाय के रूप में सफलतापूर्वक लागू करने और इसे लंबे समय तक प्रभावी बनाने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और किसानों को मिलकर काम करना जरूरी है।

आज दिल्ली है तो कल केरल होगा : वी मुरलीधरन

तिरुअनंतपुरम.

दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के हौसले बुलंद हैं। भाजपा ने दिल्ली की 70 में से 48 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की है और आम आदमी पार्टी को दिल्ली की सत्ता से उखाड़ फेंका है। वहीं, अब इस जीत के बाद भाजपा नेता वी. मुरलीधरन ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को चेतावनी दी है। मुरलीधरन ने कहा है कि सीएम विजयन को केरल में दिल्ली की तरह परिणाम के लिए तैयार रहना चाहिए।

आज दिल्ली है तो कल केरल होगा : दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर बात करते हुए पार्टी नेता वी. मुरलीधरन ने शनिवार को कहा है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को राज्य में भी इसी तरह के परिणाम के लिए तैयार रहना चाहिए। मीडिया से बात करते हुए मुरलीधरन ने कहा- "आज दिल्ली है तो कल केरल होगा।" उन्होंने कहा कि दिल्ली के परिणाम इस बात का संकेत देते हैं कि भ्रष्ट लोगों का क्या हश्र होने वाला है।

यह जीत भ्रष्टाचार और अहंकार के खिलाफ- मुरलीधरन : भाजपा नेता वी. मुरलीधरन ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले और भ्रष्टाचार की अन्य गतिविधियों में शामिल थे। मुरलीधरन ने कहा कि दिल्ली चुनाव परिणाम ये संदेश देता है कि लोग भ्रष्ट लोगों को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की यह जीत भ्रष्टाचार और अहंकार के खिलाफ है। मुरलीधरन ने कहा कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार के प्रशासन को देखने के बाद दिल्ली के लोग 'डबल इंजन' सरकार चाहते हैं।

देश ने जो कुछ भी हासिल किया है उसे बचाने की लड़ाई : प्रियंका गांधी

वायनाड (केरल).

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बीजेपी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतिहास में पहली बार कोई सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र दोनों को कमजोर करने के प्रयास कर रही है। एरनाड विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के बूथ स्तर के नेताओं को संबोधित करते हुए वायनाड की सांसद प्रियंका ने कहा, "यह शायद हमारे देश के इतिहास में पहली ऐसी सरकार है जो संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास कर रही है।"

जो भी हासिल किया उसे बचाना जरूरी : उन्होंने कहा, "आपको यह समझना चाहिए कि आज हम जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वह सिर्फ हमारी अपनी राजनीति और विचारधारा की लड़ाई नहीं है, बल्कि भारत ने जो कुछ भी हासिल किया है उसे बचाने की लड़ाई है।" वायनाड की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन, प्रियंका ने मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि वह केंद्र और राज्य सरकार को, अधिक धन आवंटित करने के लिए पत्र लिखेंगी क्योंकि प्रभावी सुरक्षा उपायों के लिए पर्याप्त धन की आवश्यकता है। बैठक के बाद मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को एक बार पहले भी उठा चुकी हैं और आगे भी उठाती रहेंगी।

उन्होंने कहा, "यह ऐसा मुद्दा है जिस पर हमें गौर करने की जरूरत है, यह एक जटिल मुद्दा है क्योंकि इसका कोई आसान समाधान नहीं है। निश्चित रूप से, मैं जितना संभव होगा उतना दबाव डालूंगी।" प्रियंका ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों दोनों से धन प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा, "मैं इस मुद्दे को उठाऊंगी और सुनिश्चित करूंगी कि इसका समाधान निकाला जाए।"

बूथ स्तर के नेताओं के साथ करेंगी बैठक : उन्होंने कहा कि बेहतर निगरानी, बेहतर सुरक्षा उपायों वन रक्षकों, चौकीदारों तथा इसमें शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए धन में वृद्धि जरूरी है। वह बाद में कोझिकोड जिले के तिरुवंबाडी विधानसभा क्षेत्र में एक और सभा में भाग लेंगी।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि सोमवार को वह वंडूर और नीलांबुर विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर के नेताओं के साथ बैठक करेंगी और जंगली जानवरों के हमलों में मारे गए कुछ लोगों के परिवारों से भी मिलेंगी। लोकसभा उपचुनाव जीतने के बाद यह उनका दूसरा वायनाड दौरा है।

'ऑपरेशन डेविल हंट' में बांग्लादेश में गिरफ्तार हुए 40 लोग

ढाका.

बांग्लादेश में ऑपरेशन डेविल हंट के तहत कम से कम 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। बतायाजा रहा है कि ढाका के बाहरी इलाके में अवामी लीग के एक नेता के घर में तोड़फोड़ के दौरान एक छात्र समूह के कार्यकर्ताओं पर हुए हिंसक हमले के बाद इन सभी की गिरफ्तारी की गई है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस की सरकार ने शुक्रवार रात गाजीपुर जिले में छात्रों और आम लोगों पर हुए हमले के बाद शनिवार को "ऑपरेशन डेविल हंट" का आदेश दिया था। 'यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश' की खबर के अनुसार गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) चौधरी जाबेर सादिक ने कहा कि अभियान के तहत जिले के विभिन्न हिस्सों से 40 लोगों को पकड़ा गया।

शेख हसीना के सभी चिन्हों को नष्ट करने का आरोप : पकड़े गए लोगों पर शुक्रवार की रात, अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सभी चिह्नों को नष्ट करने और तोड़फोड़ करने का आरोप है। उस उग्र भीड़ के कारण कम से कम 14 लोग गाजीपुर शहर के दक्षिणखान इलाके में हमले की चपेट में आकर घायल हो गए। यह हिंसा पूर्व मुक्ति संग्राम मामलों के मंत्री मोजम्मेल हक के आवास पर हमले के दौरान हुई थी। इसके बाद हमलावरों की गिरफ्तारी का प्रयास तेज हो गया है। कार्यवाहक मोहम्मद यूनिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन डेविल हंट चलाया था।

रिहाई के लिए राष्ट्रपति के नाम से मिला फर्जी आदेश, मची खलबली

सहारनपुर.

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले की जनकपुरी थाना पुलिस ने राष्ट्रपति के नाम से जिला जेल में बंद हत्या के एक आरोपी की रिहाई के लिए फर्जी आदेश भेजने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के नाम से जिला जेल में एक विचाराधीन कैदी की रिहाई का आदेश पहुंचते ही खलबली मच गयी।

हत्या के एक मामले में बंद है कैदी: वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संदेह हुआ तो उन्होंने मामले की जांच कराई जिससे पता चला कि यह आदेश फर्जी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश ने बताया कि जिला जेल में अजय हत्या के एक मामले में बंद है और इसका मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में विचाराधीन है। इस बीच जिला कारागार प्रशासन को एक पत्र राष्ट्रपति कोर्ट के नाम से प्राप्त हुआ, जिसमें हत्या के आरोपी अजय की रिहाई का आदेश था।

गुमराह करने का प्रयास : उन्होंने बताया कि जिला जेल प्रशासन को संदेह हुआ और जब मामले की जांच कराई गई तो पता चला कि राष्ट्रपति की कोई कोर्ट नहीं होती। उन्होंने कहा कि किसी ने फर्जी रिहाई आदेश बनाकर गुमराह करने का प्रयास किया। सत्यप्रकाश ने बताया कि मामला गंभीर होने पर इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को भी दी गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं में शुक्रवार को जनकपुरी थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

अपने दूसरे पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार हैं महिलाएं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली.



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एक महिला दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत अपने दूसरे पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है, भले ही उसका पिछला विवाह कानूनी रूप से बरकरार हो। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि गुजारा भत्ता जैसे सामाजिक कल्याण प्रावधानों के उद्देश्य की व्यापक व्याख्या की जानी चाहिए और सख्त कानूनी व्याख्या के कारण मानवीय उद्देश्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 की जगह 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी हुई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144 ने ली है। शीर्ष अदालत ने दूसरे पति को अपनी अलग रह रही पत्नी को गुजारा भत्ता देने का निर्देश देते हुए आदेश सुनाया था। 2005 में पहले पति से अलग हो गई थी महिला

न्यायालय एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जो 2005 में एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद अपने पहले पति से अलग हो गई थी, हालांकि तलाक का कोई औपचारिक कानूनी आदेश प्राप्त नहीं हुआ था। बाद में महिला की जान-पहचान उसके पड़ोसी से हुई और 27 नवंबर 2005 को दोनों ने विवाह कर लिया। मतभेद के बाद दूसरे पति ने विवाह रद्द करने की मांग की, जिसे फरवरी 2006 में एक फैमिली कोर्ट ने मंजूर कर लिया। बाद में दोनों के बीच सुलह हो गई और उन्होंने दोबारा शादी कर ली, जिसका रजिस्ट्रेशन हैदराबाद में हुआ।

जनवरी 2008 में दोनों के बेटी हुई। हालांकि, दंपत्ति के बीच फिर से मतभेद पैदा हो गए और महिला ने दूसरे पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दहेज निषेध अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करा दी। इसके बाद, महिला ने अपने और अपनी बेटी के लिए सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ते की मांग की, जिसे फैमिली कोर्ट ने स्वीकार कर लिया, लेकिन दूसरे पति द्वारा इसे चुनौती दिए जाने के बाद तेलंगाना हाईकोर्ट ने आदेश को खारिज कर दिया।

अपनी अपील में दूसरे पति ने दलील दी थी कि महिला को उसकी कानूनी पत्नी नहीं माना जा सकता क्योंकि उसकी पहली शादी अब भी कानूनी रूप से कायम है। दूसरे पति की दलील को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर दिया और गुजारा भत्ते के लिए दिए गए फैसले को बहाल किया।

सीरिया में रासायनिक हथियार हुए बेलगाम

बेरूत.

सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद रासायनिक हथियारों के बेलगाम होने का खतरा बढ़ गया है। अब ये और अधिक गलत हाथों में जा सकते हैं। ये रासायनिक हथियार मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं। ऐसे में इस पर नजर रखने वाली वैश्विक निगरानी संस्था भी चिंतित हो गई है। लिहाजा इस संस्था का एक प्रतिनिधिमंडल पहली बार शनिवार को दमिश्क पहुंचा और उसने यहां के नये नेताओं से मुलाकात की।

रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडबल्यू) को इस बारे में सबूत मिले हैं कि सीरिया में 14 साल तक चले गृहयुद्ध में असद सरकार ने बार-बार रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया था। ओपीसीडब्ल्यू के महानिदेशक फर्नांडो एरियस ने एक बयान में कहा, ''सीरिया के नये नेताओं के साथ लंबी वार्ता हुई और यह सार्थक थी।'' उन्होंने कहा कि यह यात्रा यहां के पूर्व अधिकारियों के साथ 11 वर्षों के गतिरोध के बाद ओपीसीडब्ल्यू और सीरिया के बीच कामकाजी संबंध को बहाल करने की दिशा में पहला कदम है।

सीरिया में बिगड़ चुके हैं हालात : सीरिया में बशर अल-असद के शासन के पतन के बाद हालात बद से बदतर हो चुके हैं। अब यहां सशस्त्र समूहों का कब्जा है। ऐसे में सीरियाई रासायनिक हथियारों के उनके हाथों में जाने की आशंका बढ़ गई है। अगर सशस्त्र समूहों के हाथ ये हथियार लग गए तो इसे वह किसी को भी बेच सकते हैं। इसका मानवता के लिए बड़ा खतरा हो सकता है।

मस्जिद पर सीएम योगी का चला बुलडोजर

कुशीनगर.

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में योगी सरकार ने मदनी मस्जिद पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की है। सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद प्रशासन ने ये कार्रवाई की है। जिले के हाटा नगर में स्थित मदनी मस्जिद का कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर बना हुआ था। मदनी मस्जिद बिना नक्शा पास करके बनाई गई थी। इसलिए इस मस्जिद पर एक्शन लिया गया है।

8 फरवरी तक लगा था स्टे ऑर्डर : मदनी मस्जिद को लेकर पिछले साल 18 दिसंबर को जांच शुरू हुई थी। तीन नोटिस दिए जाने के बाद भी मस्जिद पक्षकारों ने कोई जवाब नहीं दिया था। मुस्लिम पक्षकारों ने सीएम योगी के बुलडोजर पर कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए 8 फरवरी तक हाई कोर्ट से स्टे ऑर्डर ले लिया था।

हिंदूवादी नेता ने सीएम योगी से की थी शिकायत : हाई कोर्ट का स्टे ऑर्डर खत्म होने के बाद भारी पुलिस फोर्स के साथ प्रशासन ने रविवार को बुलडोजर की कार्रवाई शुरू कर दी। मदनी मस्जिद में अवैध निर्माण और गलत नक्शा पास कराए जाने को लेकर हिंदूवादी नेता रामबचन सिंह ने सीएम योगी से शिकायत की थी।

मौके पर मौजूद रहा भारी पुलिस बल : सीएम योगी के आदेश के बाद ही मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन की कार्रवाई शुरू की गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने बताया कि थाने और नगर पालिक की जमीन पर अवैध निर्माण किया गया था। बिना नक्शा पास किए ही मस्जिद की इमारत खड़ी कर दी गई। इसको लेकर कार्रवाई की गई है।

भोपाल की 110 दुकानों पर बुलडोजर एक्शन

> लोहे के शटर और दीवारों को तोड़कर किया गया ध्वस्त

भोपाल.



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मोती नगर कॉलोनी के 110 दुकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने सुभाष नगर के मोती नगर में स्थित 110 दुकानों के 500 मीटर दूर तक पुलिस की बेरिकेडिंग की है। किसी के आने-जाने की सख्त मनाही है। यहां तक की मीडिया का जाना भी प्रतिबंधित है।

बुलडोजर एक्शन देख आसपास के लोग हैरान : बुलडोजर के एक्शन से दुकानों के शटर और दीवारें तोड़ी जा रही हैं। दुकानों पर बुलडोजर चलता देख आसपास के लोग हैरान हैं। दुकान के मालिक और बिजनेसमैन भी काफी आक्रोशित हैं। सुभाष नगर की 110 दुकानों को गिराए जाने के लिए 10 जेसीबी, 30 डंपर, 12 ट्रैक्टर ट्रॉली और दो पोकलेन मशीन समेत 50 से ज्यादा लोडिंग गाड़ियां लगाई गईं।

रेलवे की अवैध जमीन पर बनी थीं दुकानें : 5 दिन के लंबे इंतजार के बाद भोपाल के सुभाष नगर इलाके में रेलवे की अवैध जमीन पर बनी मोती नगर बस्ती की 110 दुकानों पर सीएम मोहन यादव का बुलडोजर चला है। 110 दुकानों को तोड़ने से पहले इलाके को छावनी में तब्दील किया गया। तीन लेयर बैरिकेडिंग कर 1200 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए।

यहां से गुजरनी है रेलवे लाइन: एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने कहा कि रेलवे की जमीन पर 110 मकान और दुकान बने हैं। हाई कोर्ट का निर्णय था कि यहां से रेलवे की चौथी पटरी और सुभाष नगर ब्रिज की तीसरी आर्म निकालनी है। गुरुवार को पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर लोगों से स्वेच्छा से दुकान और मकान हटाने को कहा था। पुलिस फोर्स ना होने के चलते मोती नगर बस्ती के मकान और दुकान पर बुलडोजर नहीं चल पा रहा था। आज इस पर एक्शन लिया गया है।

मोती नगर की झुग्गियों में भी होगा बुलडोजर एक्शन : इस दौरान अधिकारियों ने ये जानकार दी की भोपाल के मोती नगर बस्ती में करीब 384 मकान/झुग्गियों को हटाने की नगर निगम पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई बाद में की जाएगी।

छात्रा से प्रिंसिपल और टीचर ने घर में किया रेप

नासिक.

महाराष्ट्र के नासिक जिले से शर्मसार कर देने वाली खबर सामने आई है। पुलिस के एक अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, एक छात्रा से उसके स्कूल के प्रिंसिपल ने अपने घर में कथित तौर पर रेप की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में स्कूल के एक शिक्षक पर भी वारदात में शामिल होने का आरोप है। शनिवार को प्राइवेट स्कूल के प्रिंसिपल तुकाराम गोविंद साबले और अध्यापक गोरखनाथ मारुति जोशी को 13 साल की छात्रा के साथ बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि नाबालिग छात्रा के साथ यह वहशी हरकत शुक्रवार को इगतपुरी तालुका में हुई। पुलिस के मुताबिक, छठी कक्षा की छात्रा के वर्ग शिक्षक गोरखनाथ मारुति जोशी उसे 53 वर्षीय प्रिंसिपल तुकाराम गोविंद साबले के घर ले गए। साबले पर आरोप है कि उसने अपने घर पर अपने ही स्कूल की नाबालिग छात्रा के साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया। छात्रा के साथ रेप करने के बाद प्रिंसिपल ने उसे घर भेज दिया। अधिकारी ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए आगे बताया कि लड़की को घर में परेशानी महसूस होने लगी।

लड़की को परेशान होते देख उसके परिवार के सदस्यों ने उससे पूछताछ की जिसके बाद उसने सारी बात बता दी। पीड़िता ने उन्हें बताया कि किस तरह उसे प्रिंसिपल के घर ले जाकर उसका यौन उत्पीड़न किया गया। इसके बाद परिवार ने पुलिस से संपर्क किया जिसके बाद दोनों की गिरफ्तारी की गई। अधिकारी ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल साबले और टीचर जोशी पर **बीएनएस** और **पॉक्सो** एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। इस बीच घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल में प्रदर्शन किया और लड़की को न्याय दिलाने और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

केजरीवाल की हार से हुई गधों की मौज

> पेट भर गुलाब जामुन खाए

जोधपुर.

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव हारी तो राजस्थान के जोधपुर में गधों की मौज हो गई। यहां एक व्यक्ति ने अपना प्रण पूरा करते हुए गधों को गुलाब जामुन खिलाए हैं। जोधपुर निवासी मोहनदास वैष्णव ने यह अनोखा प्रण लिया था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में यदि केजरीवाल और आम आदमी की हार हुई तो वो गधों को गुलाब जामुन खिलाएंगे। हार हुई भी और उन्होंने अपने इस अनोखे प्रण को पूरा भी किया।

गधों को लेकर राजस्थान में एक कहावत है कि गधों की किस्मत में गुलामी लिखी होती है गुलाब जामुन नहीं। लेकिन केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के चुनावी नतीजों ने उस कहावत को जोधपुर में झुठला दिया।

गधों को गुलाब जामुन खिलाने का वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में दो गधे गुलाबजामुन खाते दिख रहे हैं। उनके ऊपर कागज का एक बोर्ड भी लगा है, जिसमें महाधूर्त केजरीवाल लिखा हुआ है।

गधों को गुलाब जामुन खिलाने वाले मोहनदास वैष्णव ने अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भगवान ने उनकी सुन ली है और केजरीवाल की हार से वह बेहद खुश हैं। उन्होंने भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि केजरीवाल जैसा व्यक्ति राजनीति में दोबारा नहीं आना चाहिए।

नहीं बताई असली वजह : मोहनदास वैष्णव से जब यह सवाल किया गया कि वह केजरीवाल को महाधूर्त क्यों कह रहे हैं तो उनके पास कोई तर्क नहीं था। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर कई आरोप लगाए, लेकिन उनके पास इन आरोपों के समर्थन में कोई तर्क नहीं था।

होंडुरास में आया 7.6 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

होंडुरास.

जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने कहा कि शनिवार को होंडुरास के उत्तरी इलाके में 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने शुरुआत में भूकंप की तीव्रता 6.89 आंकने के बाद कहा कि भूकंप 10 किमी (6.21 मील) की गहराई पर था। वहीं, अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने कहा कि भूकंप के बाद कैरेबियन सागर और होंडुरास के उत्तर में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है।अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के बाद अमेरिकी अटलांटिक या खाड़ी तट पर सुनामी की आशंका नहीं है। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने भी भूकंप के बाद प्यूर्टो रिको और वर्जिन द्वीप समूह के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 7.6 थी और इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। कुछ कैरेबियाई द्वीपों और होंडुरास ने सुनामी की स्थिति में एहतियात के तौर पर समुद्र तट के पास के लोगों से वहां से चले जाने या समुद्र तटों से दूर रहने का आग्रह किया गया है। जानकारी के मुताबिक भूकंप शाम 6:23 बजे आया और इसका केंद्र केमैन द्वीप में जॉर्ज टाउन से 130 मील (209 किलोमीटर) दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में स्थित था।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि अमेरिकी में मुख्य भूमि के लिए कोई सुनामी चेतावनी नहीं है, लेकिन प्यूर्टो रिको और यूएस वर्जिन द्वीप समूह के लिए सुनामी की सलाह जारी की गई है। केमैन आइलैंड्स सरकार ने सुनामी खतरे की चेतावनी जारी की और अपने सोशल मीडिया चैनलों में कहा कि समुद्र तट के पास रहने वाले उसके निवासियों को अंतर्देशीय स्थानांतरित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।